केवल मैडीकल व्यवसायियों के लिए

मैडीकल दर्पण

Editor- Brijesh Garg www.medicaldarpan.com Monthly News Paper
B.N. Medical Complex, Bulandshahr (U.P.) Postal Reg. No.- BSR 56/2020-2022 RNI UPBIL/2010/44113

Year 13 | Issue 12 | D.O.P. 01 September 2020 | Pages 16 | ₹ 10/- Per Copy | Ph.: 09410434811, medicaldapran.ctp@gmail.com

Professional People For Marketing And Franchisees May Contact For Profit Sharing Business
AYURVEDIC & NUTRACEUTICALS
Comprehensive Formulation Facility
• Third Party Manufacturing
• Export Inquiries for Regulated Markets
• PCD/Franchisee for unrepresented Area
• Monopoly Business Rights
Tablets, Capsules | Syrup & Sachet | Oil (Herbal & Cosmetic) | Powder Protein Powder Whey & Herbal Protein | External Preparation Cream, Lotion, Face Wash, Shampoo & Soap
BLUE STAR LABORATORIES | MAYLEBENS INDIA PVT. LTD. | BLUE STAR NUTROSANETA PVT. LTD.
Office: 206, Blue Star Plaza, Sarja Mkt, Opp. M2K, Sector 7, Rohini, Delhi-110085
Works: Plot No.-6, Sector-56, Phase-4, HSIIDC, Kundli-131028 (Haryana)
Ph.: 011 2704 0437, 9810165707
Email: bsnspl@gmail.com

अब देश के हर नागरिक को मिलेगा यूनिक हेल्थ कार्ड

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से 74वें स्वतंत्रता दिवस (74th Independence Day) के मौके पर देशवासियों को नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन (National Digital Health Mission) की सौगात दी है. **-भारत के हेल्थ सेक्टर में नई क्रांति की शुरुआत** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (Narendra Modi) ने लाल किले की प्राचीर से 74वें स्वतंत्रता दिवस (74th Independence Day) के मौके पर देशवासियों को नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन (National Digital Health Mission) की सौगात दी है. इस मिशन के तहत इलाज में आने वाली परेशानियों को कम किया जाएगा. योजना के तहत हर भारतीय को एक हेल्थ आईडी दी जाएगी. इस योजना में हर भारतीय के स्वास्थ्य की जानकारी डिजिटल तरीके से सेव रहेगी. **हर भारतीय की होगी यूनिक हेल्थ आईडी** पीएम मोदी ने बताया कि इस योजना के तहत हर भारतवासी का अपना एक यूनिक आइडेंटिटी नंबर (Unique Identity Number) होगा. इसमें उनके स्वास्थ्य से जुड़ी हर जानकारी होगी. इस योजना से हर देशवासी को एक तरह की सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी. इस हेल्थ कार्ड में लोगों का पूरा मेडिकल रिकॉर्ड होगा, दवाओं से लेकर जांच रिपोर्ट तक सारी जानकारियां इस कार्ड में होंगी. इस मिशन में जांच सेंटर, क्लीनिक, अस्पताल और डॉक्टर सभी को एक प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा. इस योजना का लाभ उन लोगों को ज्यादा मिलेगा जो दूर दराज इलाकों में रहते हैं, जहां स्वास्थ्य सुविधाएं बेहद कम हैं. पीएम मोदी ने कहा कि नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन, भारत के हेल्थ सेक्टर में नई क्रांति लेकर आएगा. **हेल्थ आईडी कैसे है यूनिक?** इस हेल्थ आईडी में कई खूबियां होंगी. इस हेल्थ कार्ड में व्यक्ति के जीवनभर का पूरा हेल्थ रिकॉर्ड होगा. वो कब किस बीमारी से पीड़ित था, कब किस बीमारी का इलाज किया गया. डॉक्टर ने कौन सी दवा लिखी, कौन कौन से टेस्ट हुए और उनके नतीजे क्या रहे. जिससे अगली बार जब मरीज किसी डॉक्टर के पास या अस्पताल में जाएगा तो उसे अपने सारे रिपोर्ट, डॉक्टर की पर्चियां लेकर नहीं जाना होगा, सिर्फ ये हेल्थ कार्ड ही ले जाना काफी होगा. डॉक्टर हेल्थ कार्ड के यूनिक नंबर से ही मरीज की पूरी हेल्थ हिस्ट्री देख सकेगा. यानि जितनी बार भी व्यक्ति डॉक्टर के पास जाएगा, और जो भी दवाएं लेगा या इलाज कराएगा, उसकी जानकारी हेल्थ कार्ड में दर्ज होती चली जाएगी.

Are You looking for ASTHMA RANGE OF PRODUCTS?
Respules: Rediventi-Duo, Redivent, BudeBest, BudeBest-Duo, Forahale 0.5, BBVENT
Inha Caps (DPI Capsules): Forahale-400, Forahale-200, Redivent-Duo, TIOLABA, Inspihaler
Also Available: Metered Dose Nasal Spray, Inahalers
Best BIOTECH | Inspicare A Respiratory Division of Best Biotech
76-13-18B/6A, Beside Lane of Samskruti Function Hall, Urmila Nagar Road, Bhavanipuram-520012
A.O.: Santi Nagar Colony, Anna Nagar, Chennai-40
e-mail: bestbiotech4u@gmail.com Website: bestbiotechindia.com
CALL: +91 98669 08086

किसी भी तरह के इंफेक्शन से बचाने के लिए करें एक्सरसाइज

नई दिल्ली: फेफड़े यानी कि लंग्स (Lungs) जो कि शरीर का एक बहुत अहम हिस्सा है. के अस्वस्थ रहने पर कई बीमारियां हो सकती है, जैसे- अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, निमोनिया, टीबी , का कैंसर आदि. इसलिए की सेहत का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है. आपके फेफड़े की कार्यक्षमता निर्धारित है कि आपके शरीर की श्वसन प्रणाली कैसी होगी. वहीं कोरोनावायरस जो कि पर सबसे पहले हमला करता है, इसके लिए सबसे जरूरी है कि आप अपने को मजबूत बनाएं. ताकि आप जल्दी से किसी संक्रमण का शिकार न हो जाएं. अपने की क्षमता बढ़ाने और इन्हें मजबूत बनाने के लिए आप ब्रीदिंग एक्सरसाइज की मदद ले सकते हैं. ये 3 ब्रीदिंग एक्सरसाइज आपके फेफड़े की क्षमता में सुधार कर सकते हैं. **1. रिब स्ट्रेचिंग (Rib Stretching)** -आप फिर धीरे-धीरे सांस लेंगे, जितना संभव हो सके अपने को भरें. 20 सेकंड के लिए, या जब तक आप सक्षम हैं, तब तक अपनी सांस रोककर रखें. -जब आप गिनती कर रहे हों, तो अपने हाथों को अपने कूल्हों पर रखें, आपके अंगूठे आगे की ओर आपकी पिंकी उंगलियां आपकी पीठ के छोटे हिस्से को छूती हुई सी रखें. -एक बार जब आप अपनी सांस को 20 सेकंड तक रोक कर रखें, तो धीरे-धीरे सांस छोड़ें और आराम की स्थिति में लौट आएं. **2. उदर श्वास (Abdominal Breathing)** -इस अभ्यास के लिए, आप अपनी पीठ पर एक आरामदायक स्थिति में लेट जाएंगे. पीठ को गद्दी देने के लिए आप एक योगा मैट या सॉफ्ट पैड का उपयोग कर सकते हैं. -शुरू करने के लिए, अपने पेट पर एक हाथ और अपनी छाती पर एक हाथ आराम करें. धीरे-धीरे सांस लें जब तक कि आप महसूस न करें कि आपका पेट आपकी छाती से अधिक ऊंचा न हो जाए. -अपने मुंह से सांस छोड़ें, और फिर अपनी नाक के माध्यम से फिर से सांस लें, अपने पेट को हर बार उठाने की कोशिश करते रहें. -यदि संभव हो, तो अपनी सांस 7 सेकंड के लिए रोकें, और 8 सेकंड के लिए सांस छोड़ें. अब अपने पेट की मांसपेशियों को अपने से हवा को बाहर निकालने के लिए छोडे दें. **3. पुशिंग ऑउट (Pushing Out)** -इस अभ्यास के लिए, आप अपने घुटनों के बल आराम से खड़े होंगे. धीरे-धीरे कमर पर झुकें, अपने से हवा को बाहर धकेलें. फिर, धीरे-धीरे सीधे सीधे खड़े रहें और तब तक श्वास लें जब तक कि आपके फेफड़े अधिकतम क्षमता से न भर जाएं. -20 सेकंड के लिए या जितनी देर तक आप कर सकते हैं, अपनी सांस रोककर रखें. अपनी सांस को रोकते हुए, धीरे से अपनी बाहों को अपने सिर के ऊपर उठाएं. - एक बार जब आप गिनती पूरी कर लेते हैं, तो धीरे-धीरे अपनी बाहों को नीचे लाएं और पूरे मुंह में सांस छोड़ें, आराम की स्थिति में वापस आ जाएं.

Contact for
PCD Franchise/Pharma Franchise/ Pharma Distributionship/Monopoly rights for Pharmaceutical/Nutritional/Derma/ Cosmetology Products
E-mail : bluewater.chd@gmail.com
Call & Whatsapp : 98 72 444 554

शिक्षा मंत्री बोले- अभी स्कूल बंद रहेंगे

नई दिल्ली: अभिभावक अभी स्कूल खोले जाने को लेकर आशंकित हैं. अभिभावकों ने अपनी इस आशंका से विभिन्न राज्य सरकारों और सरकार को अवगत कराया है. अधिकांश अभिभावक नहीं चाहते कि फिलहाल स्कूल खोले जाएं. वहीं सरकार ने भी अभिभावकों को छात्रों की सुरक्षा का भरोसा दिलाया है. कोरोना संकट के बीच स्कूलों के विषय पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक (Ramesh Pokhriyal Nishank) ने कहा, अनलॉक-3 की गाइडलाइंस के तहत गृह मंत्रालय ने स्कूल, कॉलेज और सभी कोचिंग संस्थान 31 अगस्त तक बंद रखने का निर्देश दिया है. आगे गृह मंत्रालय की जो भी गाइडलाइंस आएगी उसके अनुसार हम निर्णय लेंगे. वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस के कारण अब स्कूलों को खोलने में और अधिक विलंब हो सकता है. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय पहले ही फिलहाल स्कूल न खोलने का निर्णय ले चुका है. स्कूल खोलने की प्रक्रिया पर विभिन्न केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अभिभावकों की राय भी ली जा रही है. अभिभावक चाहते हैं कि इस वर्ष स्कूलों में पूरे शैक्षणिक सत्र को ही जीरो सत्र माना जाए. इस मांग को लेकर कई अभिभावकों ने सहमति जताई है. ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा, हमने शिक्षा मंत्रालय एवं प्रधानमंत्री के समक्ष मुख्य रूप से तीन विषय रखे हैं. इनमें सबसे महत्वपूर्ण विषय यह है कि जब तक कोरोना पर पूरी तरह से काबू नहीं पा लिया जाता तब तक स्कूल नहीं खुलने चाहिए. अशोक अग्रवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के अलावा देशभर के सभी मुख्यमंत्रियों को हमने ऐसे ही पत्र लिखे हैं. अभिभावकों के इस संघ ने सरकारों से मांग की है कि इस शैक्षणिक सत्र को जीरो एकेडमिक ईयर घोषित घोषित किया जाए. सभी छात्रों को अगली कक्षा में प्रमोट किया जाए. अगले वर्ष का पाठ्यक्रम इस तरह से मॉडिफाई किया जाए कि छात्र उसे समझ सके और अपनी पढ़ाई कर सके. इस पूरी स्थिति पर शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि पहले छात्रों की सुरक्षा है फिर शिक्षा. यानी छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा. कोई भी कदम उठाने से पहले पहले छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी. सुरक्षित माहौल में ही छात्र कक्षा या फिर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं.

फार्मा किंग ने मात्र 10 हजार रुपए से शुरू की कम्पनी

नई दिल्ली: सन फार्मा कंपनी के चेयरमैन दिलीप संघवी ने कम्पनी को बहुत ऊचांई पर पहुंचाया है. भारत में फॉर्मा सेक्टर में कई कंपनियां हैं लेकिन सतत वृद्धि के मामले में सभी कंपनियां सन फार्मा से पीछे हैं. सन फार्मा भारत की सबसे बड़ी दवा निर्माता कंपनी है. निश्चित रूप से इस सफलता के पीछे सबसे बड़ा हाथ कंपनी के चेयरमैन दिलीप संघवी का है. सन फार्मा ग्रुप की तीन कंपनियों सन फार्मा, सन फार्मा एडवांस्ड रिसर्च और रैनबैक्सी लैब्स के मालिक हिस्सेदारी संघवी का यह सफर आसान नहीं था. **5 लोगों के साथ मिलकर खोला था दवा प्लांट-** कोलकाता में फार्मा होलसेलर के तौर पर कामकाज शुरू करने वाले दिलीप संघवी ने सन फार्मा का गठन 1983 में किया. सिर्फ 5 लोगों और 5 दवाओं के साथ पहला प्लांट लगाने वाली सन फार्मा का मार्केट कैप 2.10 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया है. कंपनी की सालाना बिक्री 4.2 अरब डॉलर है. पिछले दो सालों में सन फार्मा ने प्रतिस्पर्धी फार्मा कंपनी रैनबैक्सी समेत करीब 13 कंपनियों का अधिग्रहण किया है. अपने समकालीनों के उलट सांघवी हमेशा अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहे हैं. जब विदेश में उपक्रम लगाने की बारी आई तो उन्होंने केवल अमेरिकी बाजार पर ध्यान दिया, जो दुनिया का बड़ा दवा बाजार है. **घाटे में चल रही कंपनियों को मुनाफे में बदलने में माहिर-** 1955 में मुंबई में जन्मे दिलीप संघवी को घाटे में चल रही कंपनियों को खरीदकर उनकी काया पलटने के लिए जाना जाता है. दिलीप संघवी हमेशा कंपनी को सस्ते में खरीदने में विश्वास रखते हैं. कंपनी ने पहला सौदा 1987 में किया. लंबी सौदेबाजी के बाद अमेरिका की कैरको फार्मा दिलीप संघवी की पहली बड़ी खरीद थी. ये सौदा 5 करोड़ डॉलर में हुआ. इसके बाद दिलीप संघवी ने अमेरिका में ही दो और कंपनियों वैलिएंट और एबल फार्मा को खरीदा. घाटे में चल रही इन फार्मा कंपनियों की आज सन फार्मा की आमदनी में बड़ी हिस्सेदारी है. सन फार्मा बनी देश की सबसे फार्मा कंपनी पछले चार साल में दो बड़ी कंपनियों के अधिग्रहण ने दिलीप संघवी को फार्मा सेक्टर का किंग बना दिया है. ये दिलीप संघवी की लीडरशिप का ही कमाल है कि 30 साल पहले शुरू हुई सन फार्मा आज देश की सबसे बड़ी फार्मा कंपनी बन गई है. ये दिलीप संघवी की दूरदृष्टि का ही नतीजा है कि उनकी हर खरीद स्ट्रैटेजिक तौर पर सही साबित हुई. हर खरीद के साथ कंपनी के लिए नए बाजार खुलते चले गए. इनमें भी इजरायल की टैरो फार्मा का अधिग्रहण कंपनी के लिए गेम चेंजर साबित हुआ. 45 करोड़ डॉलर में हुए सौदे के बाद आज टैरो की सन फार्मा की आमदनी में 50 फीसदी की हिस्सेदारी है. हीं टूटने दिया निवेशकों का भरोसा दिलीप संघवी की लीडरशिप पर बाजार को भी पूरा भरोसा है. 1994 में जब सन फार्मा का आईपीओ आया तो इसमें 55 गुना बोली लगी थी. दिलीप संघवी ने कभी निवेशकों के भरोसे को तोड़ा भी नहीं. पिछले 5 साल में बाजार ने निवेशकों को जहां मामूली मुनाफा कमाकर दिया है वहीं सन फार्मा का मार्केट कैप बढ़कर 5 गुना हो गया है. दिलीप संघवी की इसी काबिलियत का कमाल है कि भारत में फोर्ब्स की अमीरों की लिस्ट में दिलीप तीसरे नंबर पर आ गए हैं.

कोविड-19 की वैक्सीन 1 जनवरी, 2021 से सिविलियन सकुर्लेशन में आएगी

रूस में बनकर तैयार हुई कोविड-19 की वैक्सीन का सिविलियन सकुर्लेशन में जाने की तारिक तय हो गयी है. सिविलियन सकुर्लेशन का मतलब होता है आम लोगों के लिए उपलब्ध होना. रूस द्वारा पंजीकृत इस वैक्सीन के प्रमाण पत्र के हवाले से मीडिया ने इस बात की सूचना दी. रूस में बनकर तैयार हुई कोविड-19 की वैक्सीन 1 जनवरी, 2021 से सिविलियन सकुर्लेशन में जाएगी यानि कि इसी दिन से इस वैक्सीन की पंहुच आम लोगों तक कराई जाएगी. समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको ने कहा कि यहां के माइक्रोबायोलॉजी रिसर्च सेंटर गेमालेया और रूसी रक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से विकसित कोविड-19 की वैक्सीन सबसे पहले चिकित्साकर्मियों और शिक्षकों को दी जाएगी. उन्होंने कहा, हम आम लोगों में चरणबद्ध तरीके से इसका उपयोग करना शुरू करेंगे. इसमें सबसे पहले उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी जो काम के सिलसिले में संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं और ये चिकित्सा कर्मी हैं और यह उन्हें भी पहले मुहैया कराई जाएगी जो बच्चों की सेहत के लिए जिम्मेदार हैं यानि कि शिक्षक. रूसी स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वैक्सीन के उत्पादन के लिए गेमालेया रिसर्च सेंटर इंस्टीट्यूट और फार्मास्युटिकल कंपनी बिन्नोफार्म जेएससी इन्हीं दो जगहों का उपयोग किया जाएगा. रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष के प्रमुख किरिल दिमित्रीग ने कहा कि देश को वैक्सीन की खुराक के लिए सौ करोड़ अनुरोध मिले हैं. उन्होंने कहा, हमने गेमालेया रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा बनाए गए रूसी वैक्सीन के प्रति दुनिया की गहरी रूचि देखी है. हमें बीस राज्यों से वैक्सीन की सौ करोड़ से अधिक खुराक की खरीद के लिए प्रारंभिक अनुरोध प्राप्त हुए हैं. उन्होंने कहा कि रूस पांच देशों में अपने विदेशी भागीदारों के साथ मिलकर वैक्सीन की 50 करोड़ से अधिक खुराक के उत्पादन को सुनिश्चित करने के लिए तैयार है. अविनाश प्रभाकर.

20 YEARS 1998-2018
Quest PHARMACEUTICALS The Pharma People...
Comprehensive product range with latest Molecules attractive packings and competitiveprices
Quest for Standard ... Quest for Quality ... Quest for growth ... Quest to excel ...
Tablets | Capsules | Softgels | Liquid Orals | Injections | Ointments | Dry Syrups | Drops | Protein Powder
Where Maintaining Transparency, Trust & Ensuring Customer Satisfaction is a Norm
DOT-250 DT / Cap. | DOT-500 | CHECKSPAS | CORTIPRIV-6
FEBUQUEST-40 | DOTCLAV | DIVINASE FORTE | FALQUEST
HICLOX-LB | DIVINASE-RB | QUPRAZ | MOFLO-OZ
ZOLSTAR-DSR / LSR | QUPOD-CV | SPOROCEF-CV | SPOROCEF-O
SPOROCEF-100 / 200 DT | MEROCRAFT-1g | LYCOSHINE | QUPOD-100 / 200 DT
SPEEDON-SP | SPEEDON - TH4 | QUPRAZ-DSR / LSR | SPEEDON-P
Parties with sound financial background and established network are welcome to contact for Monopoly Rights at:
SCF-15, A-Block Market, Ranjit Avenue, Amritsar (Pb.)
INDIA (M) :98885-25668, 98146-45668 (Mr. Ranjit)
Email: quest_pharma@yahoo.co.in, visit at : www.questpharma.co.in

लालच ही इंसान को नरक तक ले जाता है – सर्वेश गुप्ता दवा विक्रेता

गाजियाबाद: सर्वेश गुप्ता का उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद नामक शहर में एक मेडिकल स्टोर था जो कि अपने स्थान के कारण काफी पुराना और अच्छी स्थिति में था। लेकिन जैसे कि कहा जाता है कि धन एक व्यक्ति के दिमाग को भ्रष्ट कर देता है और यही बात सर्वेश गुप्ता जी के साथ भी घटित हुई. सर्वेश गुप्ता जी बताते हैं कि मेरा मेडिकल स्टोर बहुत अच्छी तरह से चलता था और मेरी आर्थिक स्थिति भी बहुत अच्छी थी. अपनी कमाई से मैंने जमीन और कुछ प्लॉट खरीदे और अपने मेडिकल स्टोर के साथ एक क्लीनिकल लेबोरेटरी भी खोल ली. लेकिन मैं यहां झूठ नहीं बोलूंगा. मैं एक बहुत ही लालची किस्म का आदमी था क्योंकि मेडिकल;फील्ड में दोगुनी नहीं बल्कि कई गुना कमाई होती है. शायद ज्यादातर लोग इस बारे में नहीं जानते होंगे कि मेडिकल प्रोफेशन में 10 रुपये में आने वाली दवा आराम से 70–80 रुपये में बिक जाती है. लेकिन अगर कोई मुझसे कभी दो रुपये भी कम करने को कहता तो मैं ग्राहक को मना कर देता. खैर, मैं हर किसी के बारे में बात नहीं कर रहा हूं, सिर्फ अपनी बात कर रहा हूं. वर्ष 2008 में, गर्मी के दिनों में एक रुबूढ़ा;व्यक्ति मेरे स्टोर में आया. उसने मुझे डॉक्टर की पर्ची दी. मैंने दवा पढ़ी और उसे निकाल लिया. उस दवा का बिल 560 रुपये बन गया. लेकिन बूढ़ा सोच रहा था. उसने अपनी सारी जेब खाली कर दी लेकिन उसके पास कुल 180 रुपये थे. मैं उस समय बहुत गुस्से में था क्योंकि मुझे काफी समय लगा कर उस बूढ़े व्यक्ति की दवा निकालनी पड़ी थी और ऊपर से उसके पास पर्याप्त पैसे भी नहीं थे. बूढ़ा दवा लेने से मना भी नहीं कर पा रहा था. शायद उसे दवा की सख्त जरूरत थी। फिर उस बूढ़े व्यक्ति ने कहा, मेरी मदद करो. मेरे पास कम पैसे हैं और मेरी पत्नी बीमार है. हमारे बच्चे भी हमें पूछते नहीं हैं. मैं अपनी पत्नी को इस तरह वृद्धावस्था में मरते हुए नहीं देख सकता. लेकिन मैंने उस समय उस बूढ़े; व्यक्ति की बात नहीं सुनी और उसे दवा वापस छोड़ने के लिए कहा. यहां पर मैं एक बात कहना चाहूंगा कि वास्तव में उस बूढ़े व्यक्ति की दवा की कुल राशि 120 रुपये ही बनती थी. अगर मैंने उससे 150 रुपये भी ले लिए होते तो भी मुझे 30 रुपये का मुनाफा ही होता. लेकिन मेरे लालच ने उस बूढ़े लाचार व्यक्ति को भी नहीं छोड़ा. फिर मेरी दुकान पर खड़े एक दूसरे ग्राहक ने अपनी जेब से पैसे निकाले और उस बूढ़े आदमी के लिए दवा खरीदी. लेकिन इसका भी मुझ पर कोई असर नहीं हुआ. मैंने पैसे लिए और बूढ़े को दवाई दे दी. समय बीतता गया और वर्ष 2009 आ गया. मेरे इकलौते बेटे को ब्रेन ट्यूमर हो गया. पहले तो हमें पता ही नहीं चला. लेकिन जब पता चला तो बेटा मृत्यु के कगार पर था. पैसा बहता रहा और लड़के की बीमारी खराब होती गई. प्लॉट बिक गए, जमीन बिक गई और आखिरकार मेडिकल स्टोर भी बिक गया लेकिन मेरे बेटे की तबीयत बिल्कुल नहीं सुधरी. उसका ऑपरेशन भी हुआ और जब सब पैसा खत्म हो गया तो आखिरकार डॉक्टरों ने मुझे अपने बेटे को घर ले जाने और उसकी सेवा करने के लिए कहा. उसके पश्चात 2012 में मेरे बेटे का निधन हो गया. मैं जीवन भर कमाने के बाद भी उसे बचा नहीं सका. 2015 में मुझे भी लकवा मार गया और मुझे चोट भी लग गई. आज जब मेरी दवा आती है तो उन दवाओं पर खर्च किया गया पैसा मुझे काटता है क्योंकि मैं उन दवाओं की वास्तविक कीमत को जानता हूं. एक दिन मैं कुछ दवाई लेने के लिए मेडिकल स्टोर पर गया और 100 रु का इंजेक्शन मुझे 700 रु में दिया गया. लेकिन उस समय मेरी जेब में 500 रुपये ही थे और इंजेक्शन के बिना ही मुझे मेडिकल स्टोर से वापस आना पड़ा. उस समय मुझे उस बूढ़े व्यक्ति की बहुत याद आई और मैं घर चला गया. मैं लोगों से कहना चाहता हूं कि ठीक है कि हम सभी कमाने के लिए बैठे हैं क्योंकि हर किसी के पास एक पेट है. लेकिन वैध तरीके से कमाएं ईमानदारी से कमाएं. गरीब लाचारों को लूट कर कमाई करना अच्छी बात नहीं है, क्योंकि नरक और स्वर्ग केवल इस धरती पर ही हैं, कहीं और नहीं. और आज मैं नरक भुगत रहा हूं. पैसा हमेशा मदद नहीं करता. हमेशा ईश्वर के भय से चलो. उसका नियम अटल है क्योंकि कई बार एक छोटा सा लालच भी हमें बहुत बड़े दुख में धकेल सकता है. बेईमानी का पैसा पेट की एक–एक आंत फाड़कर निकलता है. **Praveen Bajpai, Mob.: 9453035555.**

फुटकर दवा व्यापारी कि समस्या का निदान

सभी फुटकर दवा व्यापारियों को ज्ञात है की लॉकडाउन से पूर्व आदरणीय श्री संजय मेहरोत्रा (चेयरमैन, FDVM) ने दवा व्यापारियों के लिये फूड लाइसेंस बनवाने का अभियान शुरू किया था. मुझे ये बताते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि इस कोरा. नाकाल कि विपरीत परिस्थितियों के पश्चात् भी श्री संजय मेहरोत्रा ना सिर्फ मानव सेवा ही कर रहे है बल्कि उनको अपने दवा व्यापारियों के व्यवसाय कि भी चिंता है. जिस कारण फूड लाइसेंस बनवाने जैसा महत्वपूर्ण कार्य भी संस्था द्वारा किये गये वादे के अनुसार बनवाना शुरू कर दिया है. इसके प्रथम चरण में लालबंगला क्षेत्र के 41दवा व्यापारियों का फूड लाइसेंस, श्री संजय मेहरोत्रा के अथक प्रयासों से बन कर आ गया है तथा उनके बीच वितरित किया जा रहा है. फुटकर दवा व्यापार मण्डल (पूर्वी क्षेत्र) के समस्त दवा व्यापारी एवं पदाधिकारी अपनी संस्था एवं उसके चेयरमैन का सहृदय आभार व्यक्त करते है जिनके कारण आज ये सम्भव हो सका. **उमेश श्रीवास्तव (उज्जैन) – 9058129523.**

ऑनलाईन फार्मेसी और दवा व्यापारी

अमेजन और रिलायंस के ऑनलाइन ट्रैड में आने के साथ ही चर्चाए बाजार में आम है. लोकडाउन के दौरान ऑनलाइन के व्यापार में वृद्धि और शेयर में उछाल से स्पस्ट है कि भविष्य किस ओर इशारा कर रहा है. क्या हम रिटेल सेक्टर को बचा पाएंगे? देखा जाय तो हमारे देश का बहुत कम प्रतिशत ही अभी मोबाइल एप्लीकेशन का अभ्यस्त है ऐसी दशा में आम रिटेलर और व्यापारी चिंतित नही है. फिर क्या कारण है कि ऑनलाइन का व्यापार बहुत तेजी से बढ़ रहा है. हमारे देश मे मात्र 5 प्रतिशत लोगो के पास देश की लगभग 80 से 90 प्रतिशत सम्पति और व्यवस्था पर पूरा कब्जा है. इन 5 प्रतिशत की यह 90 प्रतिशत अथाह दौलत सब पर भारी है. अभी बाजार में आम व्यक्ति तो नजर आता है किंतु वह 5 प्रतिशत विशिस्ट वर्ग धीरे धीरे घरेलू बाजार से दूर होकर ऑनलाइन पर जा रहा है. **अशोक खंडेलवाल – 9425092492**

Aurobindo Pharma receives USFDA Approval for Guaifenesin Extended-Release Tablets (OTC)

Aurobindo Pharma Limited is pleased to announce that the company has received final approval from the US Food & Drug Administration (USFDA) to manufacture Guaifenesin extended-release tablets, 600 mg and 1200 mg (OTC). Aurobindo's Guaifenesin extended-release tablets are the AB rated generic equivalent of RB Health (US) LLC's Mucinex® tablets. The product is expected to launch in Q4FY20. Guaifenesin extended-release tablets helps to loosen phlegm (mucus), and thin bronchial secretions to rid the bronchial passageways of bothersome mucus and make coughs more productive. The approved product has an estimated market size of US$ 301 million for the , according to IRI database. This is the 10 th ANDA (including 1 tentative approval) approved out of Unit X formulation facility in Naidupet, Andhra Pradesh, India used for manufacturing oral products. Aurobindo now has a total of 419 ANDA approvals (392 Final approvals including 21 from Aurolife Pharma LLC and 27 tentative approvals) from USFDA. **Phone: +91 (40) 6672 1200**

स्वस्थ होने के लिए जरूरी है एक्सरसाइज और डाइटिंग

स्वस्थ रहने के लिए आमतौर पर लोग एक्सरसाइज और डाइटिंग का सहारा लेते हैं. इसमें कोई शक नहीं है कि बॉडी फैट को कम करने के लिए हेल्दी और सीमित मात्रा में आहार लेना जरूरी है. लेकिन इसके साथ ही आपके भोजन करने के समय का भी वजन घटाने में अहम हिस्सा होता है. न्यूट्रिशनिस्ट का मानना है कि मोटापा कम करने के लिए आप कितना और कब खाते हैं, इसके साथ ही आपके खाने के समय का भी उतना ही मायने है. दरअसल, ज्यादातर लोग खाना खाने के सही समय का ध्यान नहीं रखते हैं. इसके कारण उन्हें वजन घटाने में काफी लंबा समय लगता है. **ब्रेकफास्ट–** नाश्ता हमारे भोजन का सबसे जरूरी हिस्सा है. वजन घटाने के लिए सुबह 6 से 10 बजे के बीच नाश्ता करना चाहिए. इसमें अधिक प्रोटीन से भरपूर आहार लेना चाहिए. यह बॉडी फैट और पूरे दिन लगने वाली भूख को कम करता है. पोषण विशेषज्ञों का मानना है कि तड़के सुबह नाश्ता करने वाले लोग दूसरों की तुलना में 15 किलो अधिक वजन कम कर सकते हैं. **लंच–** दोपहर 3 बजे से पहले लंच करने की कोशिश करनी चाहिए. अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में छपी एक स्टडी के अनुसार, हर दिन समय पर दोपहर का भोजन करने वाले लोगों में मोटापे की समस्या कम होती है. साथ ही वजन भी तेजी से घटता है. **डिनर–** वजन कम करने के लिए शाम 7 बजे से पहले डिनर कर लेना चाहिए. रात का खाना बेहद हल्का होना चाहिए. रिसर्च में पाया गया है कि शाम 7 बजे तक डिनर करने वाले लोग 244 कैलोरी कम लेते हैं. जिससे उन्हें वजन घटाने में काफी मदद मिलती है. इसके अलावा डिनर करने के 1 से 2 घंटे बाद सोना चाहिए.

3 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100120081, IFSC Code - PUNB0182400 जो कि मैडीकल दर्पण के नाम से है, में रू० 250/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 09410434811 पर SMS कर दें।



रूस ने कर दिखाया चमत्कार

आखिर रूस के पास ऐसा क्या है कि उसने दुनिया को पीछे छोड़ते हुए कम समय में कोरोना संक्रमण की वैक्सीन विकसित कर ली है? आखिर रूसी राष्ट्रपति पुतिन को इस पर इतना भरोसा क्यों है कि उन्होंने खुद अपनी बेटी पर इसका ट्रायल करा दिया? यहां जानें सेहत और तकनीक की बात...मंगलवार (11 अगस्त) को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात की घोषणा कर दी कि उनके देश ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए दुनिया की पहली वैक्सीन बना ली है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस वैक्सीन को रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी अप्रूव्ड कर दिया है और खुद पुतिन ने अपनी बेटी को इस कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाया है. लेकिन बिना डेटा सार्वजनिक किए तैयार की गई इस वैक्सीन के प्रति इतने भर से विश्वास नहीं जीता जा सकता. यही वजह है कि यूके खुलकर कह रहा है कि वह अपने देश के लोगों को इस वैक्सीन का टीका नहीं लगाएगा तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहले इस वैक्सीन पर चिंता जताई और बाद में इस वैक्सीन के प्रभावशाली होने के सबूत मांगे... यह कह रहा है WHO. भारत सरकार और भारतीय नागरिकों को पूरा भरोसा है कि रूसी कोरोना वेक्सीन, कोरोना वायरस का खात्मा करने मे अपना सबसे बड़ा रोल करेगी. -विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रूस ने इस वैक्सीन से जुड़ी सभी रिसर्च और स्टडीज को सार्वजनिक करने के लिए कहा है. इसके साथ ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वैक्सीन को रजिस्टर करने से पहले इसका क्लिनिकल ट्रायल पूरा करने के लिए भी कहा है. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रूस द्वारा तैयार की गई स्पुतनिक वैक्सीन के प्रभाव को लेकर चिंता जाहिर की थी. कोरोना वैक्सीन से जुड़ी रूस की तकनीक क्या है? यूके ने साफ कर दी है यह बात स्पुतनिक वैक्सीन के स्वास्थ्य पर असर और इसकी रिसर्च संबंधी जांच पर संशय के चलते यूनाइटेड स्टेट इस बात को साफ कर चुका है कि वह अपने देशवासियों को यह वैक्सीन नहीं लगाएगा. दुनियाभर और खासतौर पर अमेरिका द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर ब्रा. जील के राजनीतिक एनालिस्ट्स गिल्वर्ट डॉक्टर्स का कहना है कि रूसी वैक्सीन पर पश्चिमी देश इसलिए अधिक सवाल उठा रहे हैं क्योंकि उनके लिए रूस का पहले वैक्सीन बना लेना अंगूर खट्टे हैं जैसा अनुभव है. कैसे रूस ने छोड़ दिया सबको पीछे? -रूस द्वारा इतनी जल्दी वैक्सीन बना लेने पर भले ही दुनिया के कई देश खासतौर पर वेस्टर्न कंपनियां सवाल उठा रही हैं. लेकिन यह बात जाननी चाहिए कि आखिर रूस ने कैसे इतनी जल्दी कोरोना वैक्सीन को विकसित कर लिया और किस तरह खुद रूस के राष्ट्रपति को इस वैक्सीन पर इतना भरोसा है कि उन्होंने खुद अपनी बेटी पर इसका ट्रायल होने दिया... कोरोना वैक्सीन पर रूस को सफलता -दरअसल, स्पूतनिक वैक्सीन बनाने के लिए रूस ने जिस तकनीक का उपयोग किया है, उस पर रूस को जीरो से काम नहीं करना पड़ा. क्योंकि इबोला वायरस के संक्रमण को खत्म करने के लिए उसकी वैक्सीन बनाने की प्रक्रिया रूस में कई साल पहले से चल रही थी. इसी तकनीक का उपयोग करते हुए रूसी वैज्ञानिकों ने कोरा. ेना वायरस के खिलाफ वैक्सीन विकसित करने का काम किया और दुनिया में सबसे पहले यह चमत्कार कर दिखाया.



Coronavirus & Kidney Patients: क्या करें और क्या न करें?

नई दिल्ली: जो लोग पहले से किडनी से जुड़ी किसी बीमारी, जैसे COPD, टाइप-2 डायबिटीज या कैंसर से जूझ रहे हैं, उनके लिए कोरोना वायरस से संक्रमित होने का खतरा और भी बढ़ जाता है. हाल ही का डाटा देखा जाए, तो ये साफ है कि जिनहें किडनी से जुड़ी बीमारी है, खासकर वे लोग जो डायलिसिस पर हैं या ट्रांसप्लांट का इंतजार कर रहे हैं, उनमें कोरोना वायरस के गंभीर संक्रमण का जोखिम कहीं ज्यादा है, यहां तक कि मौत भी हो सकती है. कोरोना वायरस महामारी के दुनियाभर में फैले कहर को 8 महीने से ज्यादा का समय हो चुका है. इतना साफ है कि इसका अंत करीब नहीं है, ऐसे में सभी डॉक्टर और स्वास्थ्य से जुड़ी एजेंसियां लोगों को जागरुक कर रहे हैं कि वे कैसे कोरोना वायरस के जोखिम को कम कर सकते हैं, खासकर तब जब वे किडनी या फिर पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं. **कोविड-19 महामारी: मरीज डायलिसिस पर हैं, तो क्या करें और क्या न करें-** इस वक्त हम सभी महामारी के एक कठिन समय से गुजर रहे हैं. हम में से कई लोग आंतरायिक लॉकडाउन प्रतिबंधों के कारण अलग-थलग पड़ गए हैं. खासकर, जो लोग डायलिसिस पर हैं उनके लिए डाइट, दवाइयां और अपने दिमागी स्वास्थ्य का ध्यान रखना एक चुनौती बन गई है. ऐसे में किडनी के मरीजों के लिए कुछ टिप्स हैं: Hypoglycemia Symptoms And Treatment: कहीं आपकी बॉडी में शुगर का स्तर कम तो नहीं? जानिए इस बीमारी के लक्षण और उपचार डाइट एक महत्वपूर्ण किरदार निभाती है इसलिए डायलिसिस के मरीजों को: खाने में नमक का सेवन कम करना चाहिए. सोडियम की मात्रा बढ़ने से प्यास ज्यादा लगती है और आप तरल पदार्थ का सेवन अधिक करने लगते हैं. ताजा सब्जियों का सेवन करें और खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए उसमें नींबू का रस मिला सकते हैं. पोटैशियम की मात्रा का ख्याल रखें. इसका स्तर ऊपर या नीचे होने से कार्डीयेक अरेस्ट हो सकता है. डेयरी उत्पादन, प्रोसेस्ड फूड, हड्डियों का सूप, बीन्स और कोको युक्त खाने से दूर रहें. ऐसा खाना खाएं जिसमें प्रोटीन की मात्रा उच्च हो, जैसे अंडे, सोया, चिकन, दालें और मच्छली. चाय, कॉफी या पानी को लेकर अपने नेफरेलॉडिस्ट से जरूर सलाह लें. अपनी दवाइयों का स्टॉक घर पर रखें, कम से कम 2-3 हफ्तों का. ताकि आपको बार-बार बाजार न जाना पड़े. अपनी दवाइयों के बारे में जानें कि डॉक्टर ने इन्हें खाने की सलाह क्यों दी है. दवाइयों को लेकर चेकलिस्ट बना सकते हैं या अलार्म भी लगा सकते हैं. अपने नेफ्रोलॉजिस्ट से रोजाना संपर्क में रहें. आपका दिमागी स्वास्थ्य आपके शरीर पर भी असर डालता है. किडने के पुराने मरीज और उनकी देखभाल करने वाले लोग कभी न कभी अवसाद से गुजरते हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि ये एक बीमारी उनकी लाइफस्टाइल में कई तरह के बदलाव लाती है, खासकर आइसोलेशन के दौरान. ध्यान या योग भी अत्यन्त लाभकारी सिद्व होंगे.

New drug RLF-100 shows dramatic recovery in Covid-19 patients suffering respiratory failure

Sumit Pawa

Aviptadil is a formulation of Vasoactive Intestinal Polypeptide (VIP), which is present in high concentrations in the lungs and known to block various inflammatory cytokines. NeuroRx and Relief Therapeutics have partnered to develop the drug. PTI August 06, 2020, 15:30 IST HOUSTON: Doctors at a hospital here have used a new drug called RLF-100, also known as aviptadil, that has led to rapid recovery from respiratory failure in critically ill Covid-19 patients. The drug has been approved by the FDA for emergency use at multiple clinical sites in patients who are too ill to enter the FDA's Phase 2/3 trials. Houston Methodist Hospital was the first to report the rapid recovery of patients on ventilators and those with severe medical conditions after three days of treatment. Aviptadil is a formulation of Vasoactive Intestinal Polypeptide (VIP), which is present in high concentrations in the lungs and known to block various inflammatory cytokines. NeuroRx and Relief Therapeutics have partnered to develop the drug. According to a statement from the drug maker NeuroRX, independent researchers have reported that aviptadil blocked replication of the SARS coronavirus in human lung cells and monocytes. According to the report, a 54-year-old man who contracted Covid-19 while being treated for rejection of a double lung transplant came off a ventilator within four days. And, similar results were seen in more than 15 patients. The drug appeared to have rapidly cleared pneumonitis findings on an X-ray, improved blood oxygen and a 50 per cent or greater average decrease in laboratory markers associated with Covid-19 inflammation, the statement said. "No other antiviral agent has demonstrated rapid recovery from viral infection and demonstrated laboratory inhibition of viral replication," said Prof. Jonathan Javitt, CEO and Chairman of NeuroRx. "We are conducting placebo-controlled trials to see whether the observations made in the case-control and open-label studies will be confirmed for less ill patients with Covid-19-related respiratory failure. Our independent Data Monitoring Committee will be conducting an interim analysis of these data later this month," Javitt said. - Sumit Pawa (Kanpur) 7084000070.

याददाश्त को दुरुस्त रखने के लिए अपनी डाइट में करें इन चीजों को शामिल

नई दिल्ली: जिंदगी में मसरूफियत इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि हमारा दिमाग कई कामों में एक साथ बट गया है. वर्क लोड ने हमारी याददाश्त को कमजोर बना दिया है जिसका नतीजा है कि हम कई जरूरी काम करना भूल जाते है. आपको पता है कि आपके खान-पान का असर ना सिर्फ आपकी सेहत पर पड़ता है बल्कि आपकी याददाश्त पर भी पड़ता है. आप भी अगर चीजों को रख कर भूल जाते हैं, जरूरी काम करना भूल जाते हैं तो समझ जाइए कि आपकी याददाश्त प्रभावित हो रही है. अपनी याददाश्त को मजबूत बनाने के लिए आप अपनी डाइट पर ध्यान दें। हमारे दिमाग को कुछ जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते जिसकी वजह से हमारी याददाश्त कमजोर होने लती है. हमारी डाइट इतनी खराब हो गई कि हमें जरूरी फाइबर और खनिज तत्व नहीं मिल पाते. आप अपनी याददाश्त दुरुस्त करना चाहते हैं तो अपनी डाइट में इन चीजों को शामिल करें. **बादाम का करें इस्तेमाल:** याददाश्त को दुरुस्त करने के लिए रात को रोज 9 बादाम भिगो दें और सुबह उन्हें छील कर उनका पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को गर्म दूध में मिलाएं साथ में एक चमचा शहद भी मिलाएं. बादाम और शहद के दूध को पीने से आपकी याददाश्त तेज रहेगी. **कॉफी पीएं:** कॉफी में मौजूद कैफीन दिमाग के उस हिस्से को क्रियशील बनाता है जहां से इंसान की सक्रिया, मूड और ध्यान नियंत्रित होता है. आप सुबह नाश्ते में कॉफी पिएंगे तो आप फुर्तीला महसूस करेंगे.

Unichem Laboratories Limited is pleased to announce Tablets USP 1 mg and 2 mg from (USFDA)

Unichem Laboratories Limited is pleased to announce that it has received ANDA approval for its Tolterodine Tartrate Tablets, USP 1 mg and 2 mg from the United States Food and Drug Administration (USFDA) to market a generic version of DETROL® (tolterodine tartrate) tablets of Pfizer Inc. Tolterodine tartrate tablets are indicated for the treatment of overactive bladder with symptoms of urge urinary incontinence, urgency, and frequency. The product will be commercialized from Unichem's Goa Plant. About Unichem Laboratories Limited Unichem Laboratories Limited is an international, integrated, specialty pharmaceutical company. It manufactures and markets a large basket of pharmaceutical formulations as branded generics as well as generics in several markets across the world. In India, The Company has strong skills in product development, process chemistry and manufacturing complex API as well as dosage forms. More information about the Company can be found at www.unichemlabs.com For more information please contact: Mr. Pradeep Bhandari Ph: +91-22-66888 404 E-mail: pradeep.bhandari@unichemlabs.com

रूस ने तैयार की कोरोना वैक्सीन

रूस को मिली कामयाबी, ऐसा क्या है कि उसने दुनिया को पीछे छोड़ते हुए कम समय में कोरोना संक्रमण की वैक्सीन विकसित कर ली है? आखिर रूसी राष्ट्रपति पुतिन को इस पर इतना भरोसा क्यों है कि उन्होंने खुद अपनी बेटी पर इसका ट्रायल करा दिया? यहां जानें सेहत और तकनीक की बात. मंगलवार (11 अगस्त) को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात की घोषणा कर दी कि उनके देश ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए दुनिया की पहली वैक्सीन बना ली है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस वैक्सीन को रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी अप्रूव्ड कर दिया है और खुद पुतिन ने अपनी बेटी को इस कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाया है. लेकिन बिना डेटा सार्वजनिक किए तैयार की गई इस वैक्सीन के प्रति इतनेभर से विश्वास नहीं जीता जा सकता. यही वजह है कि यूके खुलकर कह रहा है कि वह अपने देश के लोगों को इस वैक्सीन का टीका नहीं लगाएगा तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहले इस वैक्सीन पर चिंता जताई और बाद में इस वैक्सीन के प्रभावशाली होने के सबूत मांगे. WHO के अनुसार- भारत सरकार ओर भारतीय नागरिको को पूरा भरोषा है की रूसी कोरोना वेक्सीन कोरोना वाइरस का खात्मा करने मे अपना सबसे बड़ा रोल करेगी. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रूस ने इस वैक्सीन से जुड़ी सभी रिसर्च और स्टडीज को सार्वजनिक करने के लिए कहा है. इसके साथ ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वैक्सीन को रजिस्टर करने से पहले इसका क्लिनिकल ट्रायल पूरा करने के लिए भी कहा है. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रूस द्वारा तैयार की गई स्पुतनिक-V वैक्सीन के प्रभाव को लेकर चिंता जाहिर की थी. **रूस की कोरोना वैक्सीन-** दरअसल, स्पूतनिक-V वैक्सीन बनाने के लिए रूस ने जिस तकनीक का उपयोग किया है, उस पर रूस को जीरो से काम नहीं करना पड़ा. क्योंकि इबोला वायरस के संक्रमण को खत्म करने के लिए उसकी वैक्सीन बनाने की प्रक्रिया रूस में कई साल पहले से चल रही थी. इसी तकनीक का उपयोग करते हुए रूसी वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस के खिलाफ वैक्सीन विकसित करने का काम किया और दुनिया में सबसे पहले यह चमत्कार कर दिखाया.

ट्रक से प्रतिबंधित दवा की तस्करी

त्रिपुरा- अगरतला के चंद्रपुर में एक ट्रक में तस्करी कर ले जाई जा रही प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप पकड़ी गई है. पुलिस ने 1000 से अधिक प्रतिबंधित कफ सिरप की बोतलें जब्त कर ड्राइवर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सबस्टांसेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है. गौरतलब है कि इससे पहले शांतिपारा एरिया में एक ड्रग तस्कर के घर से 13 लाख कैश समेत 52,000 याबा टैबलेट और ब्राउन शुगर जब्त किया गया. वहीं, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 4 लाख से अधिक रकम वाले प्रतिबंधित कफ सिरप को जब्त किया गया था. साथ ही तीन आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई थी. तब 47 सौ कफ सिरप की बोतलें जब्त की गई थी. इस माह की शुरुआत में सीमा सुरक्षा बल के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जवानों ने बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास तस्करी को नाकाम करते हुए फेंसिडिल कफ सिरप की बोतलें, पतंग और धागा की बड़ी खेप जब्त किया है. इसकी कीमत लगभग 3,04,308 रुपये है. इन सामानों को बनगांव इलाके के गुनारमठ सीमा चौकी क्षेत्र से होकर इच्छामती नदी के रास्ते बांग्लादेश ले जाया जा रहा था.

नया उत्पाद

Sun Pharma का नया धमाका, कम्पनी ने एक Amorolofine Nail Lacquer (Fungicros Nail Lacquer) के नाम से नया उत्पाद लांच किया है. यह उत्पाद नाखून से सम्बन्धित सभी रोग के लिए सक्षम है. इस उत्पाद को पूरे भारत मे अपने नजदीकी Retailers से लिया जा सकता है.

पतंजलि की दवा के नाम पर मेडिकल स्टोर संचालक से लाखों ठगे

रुद्रपुर- रुद्रपुर में गुप्ता मेडिकल स्टोर संचालक से पंतजलि योगपीठ की दवा के नाम पर 2.44 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. पीडित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सेल्स मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है. पुलिस के अनुसार गोल मार्केट निवासी सुनील कुमार गुप्ता की घर के पास ही गुप्ता आयुर्वेदिक नाम से दुकान है. उसका संपर्क सुनील नाम के व्यक्ति से हुआ. सुनील ने बताया कि वह पंतजलि योगपीठ हरिद्वार का सेल्स मैनेजर है. पंतजलि योगपीठ की दवा बेचता है. उसने अपना कर्मचारी कोड 1034 भी बताया. साथ ही उनसे सेल्समैन ने पंतजलि माल उत्पादक खरीदने के लिए आग्रह किया. उसकी बातों में आकर मेडिकल स्टोर संचालक सुनील कुमार गुप्ता ने 2.44 लाख रुपये उसके खाते में डालकर दवा का आर्डर दे दिया. काफी समय बीतने के बाद भी दवा नहीं आई. जब उन्होंने सेल्स मैनेजर के नंबर पर कॉल किया तो वह बंद था. ठगी का अहसास होने पर सुनील कुमार गुप्ता ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की. पुलिस ने आरोपी सेल्स मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है.

सैनिटाइजर बना रही अवैध फैक्ट्री पर रेड

कौशांबी: कोरोना संकट काल में लोग महामारी के डर का भी फायदा उठा रहे हैं. औषधि निरीक्षक और पुलिस टीम ने मादपुर गांव में दबिश देकर पखवारा भर से चोरी-छिपे संचालित सैनिटाइजर फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. मौके से सैनिटाइजर बनाने में इस्तेमाल होने वाले केमिकल व उपकरण बरामद हुए. पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है. जानकारी अनुसार मादपुर निवासी संजीव कुमार पुत्र रामशंकर का मकान सड़क किनारे है. लगभग 15 दिन से इस मकान को दो लोगों ने किराए पर ले रखा था. दोनों युवक कमरे में चोरी-छिपे केमिकल के जरिए सैनिटाइजर बनाते थे. सल्लाहपुर चौकी प्रभारी संजय सिंह परिहार को मुखबिर से इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने औषधि निरीक्षक गो. विंद लाल गुप्ता और राहुल कुमार की मदद ली और पुलिस फोर्स के साथ मादपुर गांव पहुंच गए. चौकी प्रभारी के मुताबिक मकान से दो युवक. ों को पकड़ा गया. साथ ही मौके से करीब 12 लाख रुपये कीमत का 11 सौ लीटर आइसो प्रोफाइट अल्कोहल समेत अन्य केमिकल बरामद किया गया. आरोपितों ने अपना नाम मोहम्मद अफजाल पुत्र अफसार अहमद निवासी नीम सराय मुंडेरा धूमनगंज प्रयागराज व अमित सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी पहाड़पुर मऊ चित्रकूट के रूप में बताया. दोनों आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वह केमिकल के प्रयोग से सैनिटाइजर बनाते हैं और शीशी में हाइजिन नाम का रैपर लगाकर बेचते थे. पूरामुफ्ती के मादपुर में पकड़े गए नकली सैनिटाइजर कारखाना में सौ और दो सौ ग्राम की बोतलों की पैकिंग की जाती थी. पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह मूरतगंज, मनौरी, चरवा समेत प्रयागराज के मुंडेरा, धूमनग. ंज और नैनी में सप्लाई करते थे. आरोपित अमित ने बताया कि वह पहले अकेले ही नकली पाउडर बनाता था. चार माह पहले सैनिटाइजर बनाने वाले अफजाल से मिलने के बाद दोनों अवैध कारोबार को एक जगह कर एक दूसरे के ग्राहकों को आपूर्ति करने लगे. इससे लेबर के साथ- साथ मकान का किराया भी बचने लगा था. ड्रग इंस्पेक्टर राहुल कुमार का कहना है कि बगैर लाइसेंस के सैनिटाइजर बनना अवैध है. पूरे प्रकरण की जांच हो रही है.

करोड़ों का दवा खरीद घोटाला

श्रीनगर: राजनीति और आतंकवाद को लेकर केंद्र में रहने वाला जम्मू-कश्मीर इस बार दवा खरीद में करोड़ों के घोटाले को लेकर चर्चा में है. स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में करोड़ों रुपए के घोटाले का खुलासा होने से घाटी में हलचल मच गई है. वित्तमंत्री डॉ. अहमद द्राबू द्वारा विधानसभा में पेश की गई नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में सामने आया कि राज्य के मरीजों को 50.95 लाख दवाइयां घटिया स्तर की दे दी गई. विभाग ने 89.08 करोड़ के उपकरण और दवाइयां एक्सपायर्ड रेट कांट्रेक्ट्स, स्वास्थ्य संस्थान से बाहर अथवा स्थानीय बाजार से खरीदे गए हैं. इनमें 44.28 करोड़ रुपए की दवाइयां और 34.80 करोड़ रुपए के उपकरण शामिल हैं. इसी प्रकार 1.17 करोड़ रुपए के चिकित्सा उपकरण फर्जी सप्लाई ऑर्डर के आधार पर खरीद लिए, जबकि अस्पतालों को मिलने के बावजूद 1.21 करोड़ रुपए के चिकित्सा उपकरण ढांचागत सुविधाओं एवं प्रशिक्षित स्टाफ के अभाव में दे दी गयी. नियमों के अनुसार स्वास्थ्य संस्थानों को कोई दवाई अथवा डिस्पोजेबल का प्रयोग करने से पहले इसे ड्रग कंट्रोलर या किसी मान्यताप्राप्त लैबोरेट्री को सैंपल भेजना होता है, ताकि इन सैंपलों की टैस्टिंग के बाद सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित दवाई अथवा डिस्पोजल उच्च गुणवत्ता का है, लेकिन कैग की जांच के दौरान पाया गया कि राज्य के अनेक स्वास्थ्य संस्थानों में ऐसी टेस्टिंग नहीं करवाई गई थी. स्टेट ड्रग एंड फूड कंट्रोलर ऑर्गेनाइजेशन, श्रीनगर के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2010 से 2015 तक विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से केवल 1733 सैंपल लिए गए, जिनमें से 43 निम्न गुणवत्ता के पाए गए. राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में 50.95 लाख गोलियां, कैप्सूल व इंजेक्शन भी गुणवत्ताविहीन मिले. कैग की रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एक ही दवाइयां अलग-अलग रेट पर खरीदी गई. खरीद प्रक्रिया में बड़े स्तर पर नियमों का उल्लंघन हुआ है.

ई-फार्मेसी का विरोध

उत्तरप्रदेश केमिस्ट एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स एसो०(रजि०) के आह्वान पर बरेली मंडल के समस्त दवा व्यापारियों से आग्रह है कि अपने मोबाइल फोन से 1800 11 7800 पर आज ही फोन करके माननीय प्रधानमंत्री जी से ई-फार्मेसी पर रोक लगाने का आग्रह करे. आज नही तो कभी नहीं. जितने अधिक फोन किये जायेंगे उतनी जल्द उनके पास देश भर के दवा व्यापारियों की बात पहुंचेगी और हमारे प्रधानमंत्री जी इसका निवाकरण करेंगे. बरेली मंडल कैमिस्ट वेलफेयर संस्था बरेली. **- आशीष शर्मा, मो. 9837279162.**

COVID-19 औषधि नियामक ने अमेरिकी कंपनी को दवा के विपणन की मंजूरी दी

नई दिल्ली: कोरोना वायरस महामारी से उत्पन्न संकट को देखते हुये भारत के औषधि नियामक ने अस्पताल में भर्ती COVID-19 रोगियों पर अमेरिका की फार्मा कंपनी गिलेड साइंसेज को उसकी विषाणु निरोधक दवा रेमेडीसिविर के प्रतिबंधित आपातकालीन इस्तेमाल को लेकर मार्केटिंग की अनुमति दे दी है. इससे संबंधित एक सूत्र ने प्रेट्र को बताया कि कोरोना वायरस महामारी के आलोक में आपात स्थिति एवं दवा की जरूरतों को देखते हुए रेमेडीसिविर की मंजूरी की प्रक्रिया तेज कर दी गई है. सूत्रों ने बताया कि इस दवा के इस्तेमाल की मंजूरी प्रतिबंधित आपातकालीन इस्तेमाल के लिए दी गई है. यह अधिकतम पांच दिन की अवधि के लिए है. उन्होंने बताया कि इसका इस्तेमाल ऐसे वयस्कों एवं बच्चों के इलाज पर किया जाएगा जो संदिग्ध रूप में अथवा संक्रमण की पुष्टि के बाद अस्पताल में भर्ती हैं और जिनमें संक्रमण के गंभीर लक्षण हैं. उन्होंने बताया, इंजेक्शन के सहारे दी जाने वाली इस दवा को अस्पताल एवं संस्थाओं के इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी गई है जिसे विशेषज्ञों के पर्चे पर खुदरा लिया जा सकेगा. सूत्रों ने बताया, इसे दस दिन की बजाए अधिकतम पांच दिन की अवधि के लिए मंजूर किया गया है क्योंकि अनुमोदन के समय प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर इसके विस्तारित इस्तेमाल का कोई लाभकारी प्रभाव नहीं देखा गया है. उन्होंने बताया, नई औषधि एवं क्लिनिकल ट्रायल नियम 2019 के तहत विशेष प्रावधान ला कर दवा को मंजूरी देने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है, जिसके तहत विशेष परिस्थितियों में क्लिनिकल ट्रायल से छूट का प्रावधान है. गिलेड साइंसेज ने 29 मई को भारत में दवा के विपणन अधिकार के लिए आवेदन दिया था. इस दवा को COVID-19 के संभावित उपचार के तौर पर देखा जा रहा है. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की विशेषज्ञों की समिति से सलाह मशविरे के बाद इस दवा को मंजूरी दी गई है.

सरकार की नियमित ड्रग टेस्टिंग और मॉडर्न लैब योजना

नई दिल्ली- देश के 2 लाख करोड़ की फार्मा इंडस्ट्री को रेगुलेट करने के लिए सरकार ने नियमित तौर पर ड्रग टेस्टिंग की योजना बनाई है. इसके लिए सभी राज्यों में मॉडर्न लैब बनाई जाएंगी. जांच के लिए स्पेशल टीम बनायी जाएगी. दवा बनाने वाली कंपनियां अब क्वालिटी के मामले में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरत पाएंगी. दवाइयों में अगर किसी तरह की कमी पाई गई तो कंपनियों को भारी जुर्माना देना पड़ सकता है. यहां तक कि लाइसेंस रद्द भी किया जा सकता है. स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इसके लिए हर स्टेट में दवाइयों की जांच के लिए आधुनिक तकनीक वाले लैबोरेटरी बनाई जाएंगी. पहले से मौजूद टेस्टिंग लैब में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी. लैब के लिए ट्रेंड मैनपावर का इंतजाम किया जाएगा. सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन कभी भी राज्यों में ड्रग मैन्यूफैक्वचरिंग साइट से सैंपल उठाकर उनकी जांच इन लैब में करवा सकती है. अगर जांच में कुछ भी गलत पाया गया तो इसकी जिम्मेदारी ड्रग कंपनी की होगी. पिछले दिनों एफ.डी.सी. ड्रग या कुछ अन्य दवाइयों की क्वालिटी खराब पाए जाने के बाद इस ओर खास तौर से ध्यान दिया जा रहा है. फंडिंग के लिए 75 रू, 25 और 90 रू 10 का फॉर्मूला राज्यों में लैबोरेटरी बनाने और उनमें मैनपावर के लिए केंद्र सरकार की ओर से 75 फीसदी फंडिंग की जाएगी और 25 फीसदी हिस्सा राज्यों का होगा. हालांकि नॉर्थ ईस्टर जम्मू एंड कश्मीर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए यह अनुपात 90 रू 10 का होगा. इसके लिए राज्य सरकारों से बात चल रही है. दवा की गुणवत्ता के लिए स्टेट ड्रग रेगुलेटरी सिस्टम में होने वाले हर सुधार पर भी नजर रखी जाएगी. पूरी योजना की ऑडिट ड्रग कंट्रोलर जनरल आफ इंडिया द्वारा किया जाएगा. ओवरआल मॉनिटरिंग हेल्थ मिनिस्ट्री द्वारा होगी. अधिकारी ने बताया कि देश में मिलने वाली दवा की क्वालिटी में कमी हो तो इससे पब्लिक हेल्थ प्रभावित होती है साथ ही देश की छवि भी खराब होती है. इसका सीधा असर ड्रग इंडस्ट्री पर पड़ता है. इसलिए ऐसा नेटवर्क तैयार किया जा रहा है जिससे यहां केवल सेफ ड्रग की उपलब्धता ही हो.

अब फार्मासिस्टों के बनेंगे पहचान पत्र

जयपुर- राजस्थान फार्मेसी काउंसिल में 55 हजार पंजीकृत फार्मासिस्टों के पहचान पत्र बनाने का निर्णय लिया है, ताकि उन्हें पहचान मिल सके. आईडेंटिटी कार्ड में रजिस्ट्रेशन नंबर, नाम, पता, मोबाइल नंबर अंकित होगा. इससे ड्रग विभाग की ओर से निरीक्षण के दौरान किसी भी ड्रग स्टोर पर पंजीकृत फार्मासिस्ट के बारें में इधर-उधर भटकने की जरुरत नहीं पड़ेगी और वे किसी तरह की आपात स्थिति में सेवा दे सकेंगे. इसके अलावा फार्मेसी का अध्ययन करने वाले, बेरोजगार को रोजगार दिलाने और हरेक तरह से अपडेट के हिसाब से हर माह न्यूज 'एटूजेड बुलेटिन' निकालेगा. इसमें नई दवा, नई रिसर्च, रोजगार, मान्यता प्राप्त संस्थान, पीसीआई के दिशा-निर्देश, काउंसिल की प्रगति रिपोर्ट और नई-नई योजनाओं की जानकारी प्रकाशित की जाएगी. साथ ही एक्सीडेंटल पॉलिसी बनाने पर भी विचार कर रहा है. बीमा कंपनी से वार्ता जारी है. यह निर्णय हाल ही में आयोजित काउंसिल के सदस्यों की मीटिंग में लिया गया. बैठक में पंजीकृत फार्मासिस्टों का सामूहिक दुर्घटना बीमा करवाना, ड्रग इंफोर्मेशन सेन्टर खोलना और पंजीकरण की प्रक्रिया सरलीकरण करवाने की योजना प्रस्तावित है. राजस्थान फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. ईश मुंजाल का कहना है कि फार्मासिस्टों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, हरेक तरह से अपडेट रहने तथा समाज में रहकर क्वालिटी से युक्त सेवा देने के लिए काउंसिल की अनेक योजना प्रस्तावित है. जल्द ही लागू की जाएगी. जिससे आमजन को भी फायदा मिलेगा.

AYURVEDIC PRODUCTS WITH YOUR BRAND NAMES
We are GMP & ISO certified Ayurvedic Manufacturing unit situated at Haryna state. We are manufacturing high class Ayurvedic Liquids, Capsules, Tablets, Oils, Powders etc. in very attractive packagings.
interested persons wants to manufacture products with own brand names may contact:-
98120-79520,36928 E-mail:ayujyoti@gmail.com

निस्वार्थ त्याग और भक्ति की आज तक की सबसे बड़ी मिसाल

नाम से थोड़ा अजीब लग रहा है न की चूना, यार इसके भी फायदे है क्या? लेकिन वास्तव में इसके भी बहुत फायदे है, हम आपको चुने के कुछ फायदे बताएँगे जो आपको हैरान कर देंगे. • चूना एक टुकड़ा छोटे से मिट्टी के बर्तन में डालकर पानी से भर दे, चूना गलकर नीचे और पानी ऊपर होगा. वही एक चम्मच पानी किसी भी खाने की वस्तु के साथ लेना है. 50 के उम्र के बाद कोई कैल्शियम की दवा शरीर में जल्दी नही घुलती चूना तुरन्त घुल व पच जाता है. • जैसे किसी को पीलिया हो जाये माने जॉन्डिस उसकी सबसे अच्छी दवा है चूना गेहूँ के दाने के बराबर चूना गन्ने के रस में मिलाकर पिलाने से बहुत जल्दी पीलिया ठीक कर देता है. • ये ही चूना नपुसंकता की सबसे अच्छी दवा है अगर किसी के शुक्राणु नही बनता उसको अगर गन्ने के रस के साथ चूना पिलाया जाये तो साल डेढ़ साल में भरपुर शुक्राणु बनने लगेंगे, और जिन माताओं के शरीर में अन्डे नही बनते उनकी बहुत अच्छी दवा है ये चूना. • विद्यार्थीयों के लिये चूना बहुत अच्छा है जो लम्बाई बढ़ाता है. • गेहूँ के दाने के बराबर चूना रोज दही में मिला के खाना चाहिए, दही नही है तो दाल में मिला के खाओ, दाल नही है तो पानी में मिला के पियो– इससे लम्बाई बढ़ाने के साथ स्मरण शक्ति भी बहुत अच्छा होता है. • जिन बच्चों की बुद्धि कम काम करती है मतिमन्द बच्चे उनकी सबसे अच्छी दवा है चूना जो बच्चे बुद्धि से कम है, जिन बच्चो का दिमाग देर में काम करता है, देर में सोचते है हर चीज उनकी स्लो है, उन सभी बच्चे को चूना खिलाने से अच्छे हो जायेंगे. • बहनों को अपने मासिक धर्म के समय अगर कुछ भी तकलीफ होती हो तो उसका सबसे अच्छी दवा है चूना. हमारे घर में जो मातायें है जिनकी उम्र पचास वर्ष हो गयी और उनका मासिक धर्म बंध हुआ उनकी सबसे अच्छी दवा है चूना. • गेहूँ के दाने के बराबर चूना हर दिन खाना दाल में, लस्सी में, नही तो पानी में घोल के पीना. जब कोई माँ गर्भावस्था में है तो चूना रोज खाना चाहिए क्योंकि गर्भवती माँ को सबसे ज्यादा कैल्शियम की जरूरत होती है और चूना कैल्शियम का सबसे बड़ा भन्डार है. गर्भवती माँ को चूना खिलाना चाहिए अनार के रस में अनार का रस एक कप और चूना गेहूँ के दाने के बराबर ये मिला के रोज पिलाये नौ महीने तक लगातार दीजिये तो चार फायदे होंगे– पहला फायदा:– माँ को बच्चे के जन्म के समय कोई तकलीफ नही होगी और नॉर्मल डिलिवरी होगी, दूसरा:– बच्चा जो पैदा होगा वो बहुत हष्ट पुष्ट और तन्दुरूस्त होगा, तीसरा:– बच्चा बहुत होशियार होता है बहुत Intelligent और Brilliant होता है उसका IQ बहुत अच्छा होता है., चूना घुटने का दर्द ठीक करता है, कमर का दर्द ठीक करता है, कन्धे का दर्द ठीक करता है, एक खतरनाक बीमारी है Spondylitis वो चूने से ठीक होता है. कई बार हमारे रीड़ की हड्डी में जो मनके होते है उसमे दूरी बढ़ जाती है Gap आ जाता है. ये ठीक करता है. उसको रीड़ की हड्डी की सब बीमारियाँ ठीक होती है. अगर आपकी हड्डी टूट जाये तो टूटी हुई हड्डी को जोड़ने की ताकत सबसे ज्यादा चूने में है. चूना खाइए सुबह को खाली पेट., मुँह में ठंडा गर्म पानी लगता है तो चूना खाओ बिलकुल ठीक हो जाता है., मुँह में अगर छाले हो गए है तो चूने का पानी पियो तुरन्त ठीक हो जाता है. शरीर में जब खून कम हो जाये तो चूना जरूर लेना चाहिए, एनीमिया है खून की कमी है अनार के रस में अनार के रस में चूना पिये खून बहुत बढ़ता है, बहुत जल्दी खून बनता है एक कप अनार का रस गेहूँ के दाने के बराबर चूना सुबह खाली पेट. घुटने में घिसाव आ गया और डॉक्टर कहे के घुटना बदल दो तो जरूरत नही चूना खाते रहिये और हरसिंगार के पत्ते का काढ़ा खाइये घुटने बहुत अच्छे काम करेंगे.

अधिक न हो जाए कैल्शियम की खुराक

कैल्शियम सप्लीमेंट की निर्माता कंपनियाँ हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम के नियमित सेवन को प्रोत्साहित करने के लिए खूब विज्ञापन करती हैं. इसकी कमी से भविष्य में हड्डियों के भुरभुरा या कमजोर हो जाने के तथ्य को भी खूब प्रचारित किया जाता है. लेकिन इसकी अति यानी ओवरडोज नुकसानदायक भी हो सकती है, इस बात का जिक्र शायद ही किसी कंपनी के विज्ञापन में मिलता हो. अधिकता से नुकसान– कुछ समय पहले न्यूजीलैंड की एबरडीन और ऑकलैंड यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए शोध के नतीजों पर यकीन करें, तो महिलाओं को बिना सोचे–समझे कैल्शियम की गोलियाँ गटकने से बचना चाहिए. 'ब्रिटिश मैडीकल जर्नल' में प्रकाशित इस शोध में दावा किया गया है कि हड्डियों का घनत्व बढ़ाने के लिए जो महिलाएँ कैल्शियम सप्लीमेंट का सेवन करती हैं, उनके रक्त में कई बार कैल्शियम की अतिरिक्त मात्रा रहती है. इस स्थिति को हायपर कैल्शियम कहते हैं. ऐसी महिलाओं में हार्ट अटैक की आशंका तीस फीसदी तक ज्यादा हो सकती है. शोधकर्त्ता इआन रीड कहते हैं कि अतिरिक्त कैल्शियम ब्लॉक के रूप में जमा होकर रक्त धमनियों को ब्लॉक कर सकता है. कोई भी कैल्शियम सप्लीमेंट निर्माता (चाहे व एनर्जी ड्रिंक की शक्ल में या टेबलेट के रूप में हो) इसकी अधिकता से जुड़े खतरों से आगाह करने वाली सूचना अपने उत्पाद के साथ पेश नहीं करता. जबकि निर्माता कंपनी को लेबल पर खुराक आदि से संबंधित पूरी सूचना देनी चाहिए और अधिकता के नुकसानों के प्रति सचेत करना चाहिए. इन चिंताओं के संबंध में अस्थिरोग विशेषज्ञ कहते हैं, 'ब्लड स्ट्रीम में अतिरिक्त कैल्शियम आमतौर पर लिवर और किडनी द्वारा मेटाबोलाइज्ड कर दी जाती है, इससे हाइपर कैल्शियम का खतरा कम हो जाता है, लेकिन इन दोनों अंगों के दुरूस्त न रहने या फिर पथरी स्टोन होने की संभावना हो, तो ऐसे व्यक्ति को कैल्शियम सप्लीमेंट लेते समय बेहद सावधानी बरतनी चाहिए. महिलाओं में लोकप्रिय– विशेष रूप से महिलाओं में कैल्शियम सप्लीमेंट की लो. कप्रियता अधिक है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर हर तीन में से एक महिला ओस्टियोपोरोसिस का शिकार हो जाती है. ऐसे में 35 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को कैल्शियम टेबलेट्स लेने की सलाह दी जाती है. 45 वर्ष के बाद, रजोनिवृत्ति की उम्र में कैल्शियम की कमी की भरपाई करना मुश्किल हो जाता है. जरूरी है विटामिन 'डी' का कांबिनेशन– चिकित्सकों के अनुसार विटामिन 'डी' से रहित कैल्शियम सप्लीमेंट का सेवन नहीं करना चाहिए. यह हानिकारक हो सकता है. उपभोक्ता को सतर्कतापूर्वक जाँच लेना चाहिए कि जो उत्पाद वे खरीद रहे हैं उसमें विटामिन 'डी' और कैल्शियम का कांबिनेशन है या नहीं. क्योंकि विटामिन 'डी' कैल्शियम को अवशोषित करने के लिए जरूरी है. वैसे तो भारत एक ट्रॉपिकल देश है और यहाँ सूर्य की रोशनी या धूप से विटामिन 'डी' प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन अधिकांश महिलाओं में इसकी कमी रहती है क्योंकि वे धूप से दूर रहती हैं और व्यायाम नहीं करतीं. आर्थराइटिस फाउंडेशन ऑफ इण्डिया के चेयरपर्सन डॉ० सुशील शर्मा के अनुसार, 'भारत में बहुसंख्य महिलाएँ कैल्शियम और विटामिन 'डी' की कमी का शिकार हैं. औसतन एक स्वस्थ महिला को 1000 मि.ग्रा. कैल्शियम (प्रतिदिन) की जरूरत होती है, लेकिन खुराक से उन्हें 400–500 मि.ग्रा. कैल्शियम ही मिल पाता है (वह भी तब, यदि वे दो गिलास दूध, पनीर, दही आदि का सेवन करें), इससे 500 मि.ग्रा. की कमी रह जाती है. विटामिन 'डी' भी 30 नैनोग्राम होना चाहिए, जबकि यह 4–12 के आसपास ही रहता है. सप्लीमेंट पर्याप्त नहीं– क्या सिर्फ कैल्शियम सप्लीमेंट के सेवन से ओस्टियोपोरोसिस की रोकथाम की जा सकती है? नहीं, प्रीमेनोपॉज एवं मेनोपॉज से गुजरने वाली महिलाओं में इस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर गिर जाता है. इसके अलावा प्रोटीन की कमी भी इसका सबब हो सकती है. इसलिए कैल्शियम सप्लीमेंट लेने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लें. वे आपकी जरूरत बेहतर समझते हैं.

ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री का किया बहिष्कार

मीडिया हाउस को मिली जानकारी सतिश कपूर मो० 09814719692 के द्वारा पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन ने अवैध ढंग से हो रही दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री के खिलाफ जोनल लाइसेंस अथॉरिटी राजेश सूरी व जिला ड्रग इंस्पेक्टर जनक राज को ज्ञापन सौंपा. एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सतीश कपूर व शहरी अध्यक्ष प्रभजिंदर आनंद ने कहा कि पहले ही पंजाब में नशे की तस्करी बहुत अधिक है. अब ऑनलाइन दवाइयों की आड़ में नशे का कारोबार चलाया जाने लगा है. यह हमारे समाज के लिए बहुत बड़ी चिंता का कारण है. उन्होने याद दिलाया कि हमारे यहा ऑनलाइन बिक्री का कोई कानून नहीं है. ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1949 के अनुसार ऑनलाइन दवाइयां इस एक्ट की अवहेलना है. केमिस्ट एसोसिएशन ने कहा दिल्ली हाईकोर्ट के आदेशों पर ड्रग कंट्रोलर जनरल इंडिया वीसी सीमानी ने पिछले 28 नवम्बर को एक पत्र जारी करके सभी राज्यों के ड्रग कंट्रोलरों को निर्देश जारी किए थे कि बिना लाइसेंस के गैर कानूनी ढंग से ऑनलाइन की दवाई बिक्री का कारोबार करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होने पंजाब सरकार से मांग की कि दवाइयों की गैर कानूनी ढंग से हो रही बिक्री पर अंकुश लगाया जाए. इस अवसर पर एसोसिएशन के चेयरमैन राकेश नंदा, संजीव कपूर महासचिव, जिला मीडिया इंचार्ज मुकेश शर्मा, दीपक शर्मा आदि भी उपस्थित थे.

कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट फेडरेशन

आजमगढ़ जिले के अध्यक्ष व केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट फेडरेशन, उत्तर प्रदेश के नामित संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल द्वारा सी.डी.एफ.यू.पी. के वरिष्ठ पदाधिकारियों के विरूद्व भ्रामक व अर्न्तगत आरोप लगाकर फेडरेशन से सम्बद्व जिला इकाईयों के वरिष्ठ पदाधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है. वाराणसी जिला इकाई ने उनके द्वारा लगाए गए समस्त आरोपों पर चर्चा की और इस निष्कर्ष पर पहॅची कि श्री अग्रवाल फेडरेशन को कमजोर करने के उद्देश्य से कुछ जिले के कागज पर विरोधी संगठन चलानेवालों से सॉठ–गॉठ कर विशुद्व रूप से संगठन को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं. केमिस्ट की प्रत्येक सालाना बैठक में लेखा–जोखा पास होता आया है, जिसकी कॉपी भी सभी सदस्यों को मौके पर एवं डाक–कोरियर द्वारा भेजी भी जाती रही है और संगठन मंत्री महोदय की स्वीकृति भी रहती थी, अब यह अचानक अपने निजी स्वार्थवश फेडरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के विरूद्व अर्न्तगत प्रलाप व मिथ्या कर फेडरेशन की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं. सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि फेडरेशन के खातों का संचालन कैसे होगा, कौर करेगा यह उन्हे अच्छी तरह मालूम है, फेडरेशन की संविधान की प्रति भी हमेशा उनके पास मौजूद रहती है, फेडरेशन के खातों का संचालन आइने की तरह साफ है.

Alcohol Abuse Increases Risk of Heart Conditions

Washington D.C. (USA):- Think before you booze! It might lead to heart attack. A new study says that alcohol abuse increases the risk of atrial fibrillation, heart attack and congestive heart failure, as much as other well-established risk factors such as high blood pressure, diabetes, smoking and obesity. The study has been published in the Journal of the American College of Cardiology. Despite advances in prevention and treatments, heart disease is the No. 1 killer of men and women in the US. Reducing alcohol abuse might result in meaningful reductions of heart disease, according to the researchers. "We found that even if you have no underlying risk factors, abuse of alcohol still increases the risk of these heart conditions," said lead researcher Gregory M. Marcus. The researchers analysed data from a database of all California residents ages 21 and older who received ambulatory surgery, emergency or inpatient medical care in California between 2005 and 2009. Among the 14.7 million patients in the database, 1.8 percent, or approximately 268,000, had been diagnosed with alcohol abuse. The researchers found that after taking into account other risk factors, alcohol abuse was associated with a twofold increased risk of atrial fibrillation, a 1.4-fold increased risk of heart attack and a 2.3-fold increased risk of congestive heart failure. These increased risks were similar in magnitude to other well-recognized modifiable risk factors such as diabetes, high blood pressure and obesity. Completely eradicating alcohol abuse would result in over 73,000 fewer atrial fibrillation cases, 34,000 fewer heart attacks, and 91,000 fewer patients with congestive heart failure in the United States alone, the researchers said. "We were somewhat surprised to find those diagnosed with some form of alcohol abuse were at significantly higher risk of a heart attack," Marcus said. "We hope this data will temper the enthusiasm for drinking in excess and will avoid any justification for excessive drinking because people think it will be good for their heart. These data pretty clearly prove the opposite." Previous research has suggested that moderate levels of alcohol consumption may help prevent heart attack and congestive heart failure, while even low to moderate levels of alcohol consumption have been shown to increase the incidence of atrial fibrillation. "The great majority of previous research relied exclusively on self-reports of alcohol abuse," Marcus said. "That can be an unreliable measure, especially in those who drink heavily. In our study, alcohol abuse was documented in patients' medical records." He said that the study did not quantify how much alcohol patients drank. In an editorial accompanying the new study, Michael H. Criqui, of the University of California San Diego, wrote that previous studies that found a benefit from alcohol consumption in protecting against heart attack and congestive heart failure were so-called cohort studies, which include defined populations. Such studies tend to recruit stable, cooperative and health-conscious participants who are more likely to be oriented toward a healthier lifestyle. "Cohort studies have minimal participation by true alcohol abusers, so the current study likely presents a more valid picture of heavy drinking outcomes," Criqui said.

Happy Birthday

D.O.B.	NAME	FIRM	MOB.	CITY	STATE
01.09.76	SHRI AMIT KUMAR JI	DEVI SREE MEDICOSE	9891508495	GHAZIABAD	UTTAR PARDESH
02.09.62	SHRI SHRI ANJEEV KUMAR SAINI JI	SANI MEDICOS	9414164189	UDAIPUR	RAJESTHAN
03.09.71	SHRI AVNISH KUMAR JI	BABU MADICAL STORE	9839130517	HARDOI	UTTAR PRADESH
04.09.74	SHRI ABHAY K. GUGALE JI	SUBHA SHRI ENTERPRISES	9730449555	PUNA	MADHYA PRADESH
05.09.71	SHRI AJAY KUMAR JI	NEW DAVDAS PHARMA	9334127547	PATNA	BIHAR
05.09.84	SHRI ANIL KUMAR GUPTA JI	ANIL DURG STORE	9451550421	SULTANPUR	UTTAR PRADESH
06.09.77	SHRI ANURAJ BURMAN JI	A.A. DRUP AGENCION	9005236223	VARANSI	UTTAR PRADESH
07.09.85	SHRI ARVIND RAWAL JI	NEW LIFE CHEMIST	9320417979	MUMBAI	MAHARASHTRA
08.09.83	SHRI AJAY KUMAR JAISWAL JI	RAJ MEDICAL STORE	9452125910	GORAKHPUR	UTTAR PRADESH
10.09.89	MOHD.ALVI	SHIFA MEDICAL STORE	9927793166	HARIDWAR	UTTRAKHAND
11.09.83	MOHD AAMIN KHAN	RAJDHANI MEDICAL STORE	9828653302	JHUNJHUNE	RAJESTHAN
13.09.91	SHRI ANKIT AGARWAL JI	DRONA MEDICOS	9756506915	DHARADON	UTTRAKHAND
14.09.87	SHRI ADITYA GOLANI JI	GURU KIRPA ENTERPREES	7566194020	INDORA	MADHYA PRADESH
15.09.77	SHRI ANIL SINGHVI JI	NEW MAHABIR MEDICAL STORE	9929509587	CHITTORGARH	RAJESTHAN
15.09.76	SHRI AJAY KMAR JI	LITE CARE PHARMA	8410224515	SAHARANPUR	UTTAR PRADESH
17.09.79	SHRI ANIL KUMAR JI	ANIL MEDICAL HALL	9896435124	CHARKHI DADRI	HARYANA
20.09.81	SHRI ATUL JUGSL KISHORE JI	PAWAN AGENCICS	9421052400	PUNA	MADHYA PRADESH
25.09.80	SHRI AJAY JAIN JI	ROYAL CHEMIST	9828141317	UDAYPUR	RAJESTHAN
30.09.79	SHRI AMIT JAISWAL JI	PHARMA BIOTEEN	9898065950	AMAMEDABAD	GUJRATA
03.10.55	SHRI A.A. THOMAS JI	SHRI A.A. THOMAS JI	9594016464	THANE	MAHARASHTRA
13.10.77	SHRI ABHISHEK VORA JI	NEW HINDUSTAN AGENCIES	9420684002	WARDHA	MAHARASHTRA
17.10.75	SHRI AMIT GARG JI	SHOL HELTH CARE INDIA (P)LTD	9219504233	UDHAM SINGH NAGAR	UTTRAKHAND
17.10.82	SHRI ABHAY JAIN JI	SHASHVAT TRADERS	9837183479	ROORHEE	UTTRAKHAND
18.10.60	SHRI ANAND K.R. AGARWAL JI	KUNJ BIHRI ENTERPRISES	9334377572	SAMASTIPUR	BIHAR
19.10.47	SHRI ASHOK LUTHRA JI	HARYANA MEDICAL STORE	9818637124	FARIDABAD	HARYANA

मैडीकल दर्पण मीडिया हाऊस की तरफ से आप सभी को जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनायें

01 सितम्बर से 29 सितम्बर तक के त्यौहार

01.09.2020	अनन्त चतुर्दशी, गणेश विसर्जन, पूर्णिमा उपवास, पूर्णिमा श्राद्ध
02.09.2020	भाद्रपद पूर्णिमा, प्रतिपदा श्राद्ध
03.09.2020	आश्विन प्रारम्भ, उत्तर, द्वितीया श्राद्ध
05.09.2020	तृतीया श्राद्ध,
06.09.2020	चतुर्थी श्राद्ध
07.09.2020	महाभरणी, पंचमी श्राद्ध
08.09.2020	षष्ठी श्राद्ध, मासिक कार्तिगाई
09.09.2020	सप्तमी श्राद्ध
10.09.2020	अष्टमी श्राद्ध, जीवितपुत्रिका व्रत, कालाष्टमी, महालक्ष्मी व्रत पूर्ण,
11.09.2020	नवमी श्राद्ध
12.09.2020	दशमी श्राद्ध
13.09.2020	इन्दिरा एकादशी, एकादशी श्राद्ध
14.09.2020	द्वादशी श्राद्ध
15.09.2020	मघा श्राद्ध, त्रयोदशी श्राद्ध, प्रदोष व्रत, मासिक शिरात्रि
16.09.2020	चतुर्दशी श्राद्ध, कन्या संक्रान्ति, विश्वकर्मा पूजा
17.09.2020	अश्विन अमावस्या, सर्वपित्री दर्श अमावस्या, सर्वपित्रू अमावस्या
18.09.2020	अधिक मास प्रारम्भ, चन्द्र दर्शन
20.09.2020	विनायक चतुर्थी
22.09.2020	स्कन्द षष्ठी
24.09.2020	मासिक दुर्गाष्टमी
27.09.2020	पद्मिनी एकादशी
29.09.2020	प्रदोष व्रत

रामभरोसे चल रहा जीवनज्योत अस्पताल

पंजाब:- प्रेस सचिव पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन पटियाला श्री हंसराज मेहता मो. 9814132529 के द्वारा क्वालीफाई डॉक्टर के बगैर ही चल रहा है जीवनज्योत मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल. ड्राईवर और सहायक के द्वारा हीं मरीजो का उपचार हो रहा हैं. अस्पताल में मरीजों का इलाज हेल्पर के भरोसे ही चल रहा है. अस्पताल में जब स्वास्थ्य विभाग ने छापा मारा तब 13 मरीज भर्ती थे जिनमें से 5 मरीजों के ऑपरेशन भी हुए. स्वास्थ्य विभाग ने सहायक सिविल सर्जन डॉ. रमेश कुमार की अगुवाई में यहां छापेमारी कर कई खामियां उजागर कीं. अगर अस्पताल में ऐसा ही चलता रहा है तो मरीजों की जान भी जान सकती हैं. हांलाकि सिविल सर्जन डॉ. प्रभदीप कौर को लिखित शिकायत मिली थी कि जीवनज्योत अस्पताल में भारी कमियां चल रही हैं. स्वास्थ्य विभाग जब टीम अस्पताल पहुंची तब अस्पताल में न तो डॉक्टर था और न ही फार्मासिस्ट. लेबोरेट्री खुली थी, लेकिन उसमें कोई लैब टेक्निशियन नहीं था. अस्पताल के मैडीकल स्टोर में दवा वितरण करने के लिए फार्मासिस्ट भी नहीं था. जब स्वास्थ्य विभाग ने छापा मारा तब वहां हरपाल सिंह नामक व्यक्ति पहुंचा उसने खुद को अस्पताल का मालिक बताया. टीम ने उससे डॉक्टर न होने की पूछा तो उसने कहा है डॉक्टर शाम को आते हैं. टीम ने डॉक्टर का रिकॉर्ड दिखाने को कहा, पर हरपाल सिंह रिकॉर्ड नहीं दिखा पाएं. सहायक सिविल सर्जन ने डॉ. रमेश को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी. कि भविष्य में ये सब दोबारा ना दोराया ना जाएं.

लांच हुआ पहला वैक्सीनेशन क्लिनिक, घर-घर जाकर नवजातों को लगाएगा टीके

यह देश मे पहली बार हुआ है कि अब नवजातों को टीके लगवाने के लिए आपको अस्पताल नही जाना पड़ेगा. अब टीके लगाने के लिए ऐसा क्लिनिक तैयार किया है जो घर, स्कूल, कॉलेज और दफ्तरों में जाकर नवजातों शिशुओं का टीकाकरण करेगा. वैक्सीनेशन ऑन व्हील्स नाम के इस प्रोजेक्ट की शुरूआत पुणे से हो रही है. कैसे पहुंचेगा क्लिनिक घर तक- वैक्सीनेशन ऑन व्हील्स दरअसल एक वाहन में तैयार क्लिनिक है जिसमें बच्चों को लगने वाले टीके मौजूद होंगे. इन चलते-फिरते क्लिनिक को सबसे पहले इन इलाकों मे भेजा जाएगा जहां पर टीकाकरण की दर कम है और दूर के इलाकों में मौजूदा स्कूलों और कॉलेजों में इस क्लिनिक को बड़े आसानी से पहुंचाया जा सकेगा. महिलाओं के ऑफिस में भी इस क्लिनिक को पहुंचाकर टीका दिया जा सकता है. इस नए चलते-फिरते क्लिनिक की शुरूआत पुणे से की जा रही है. आई आई टी हैदराबाद स्थानीय नगर निगम के साथ मिलकर नया वैक्सीनेशन क्लिनिक चलाएगी. एक बार इसका सफल परीक्षण हो जाने के बाद इसे पूरे देश में लागू करने की योजना है. टीकाकरण का यह तरीका अच्छा साबित होगा- एक जानकार के अनुसार यह क्लिनिक टीकाकरण जागरूकता का काम भी कर सकता है. जिन इलाकों से स्वास्थ्य केंद्र दूर हैं वहां पर पहुंचा पाना इस क्लिनिक को सम्भव है. इससे लोगों को काफी राहत दी जा सकती हैं.

ड्रग लाइसेंस के नवीनीकरण के समाप्त होने के बाबजूद रिन्यूअल के नाम पर दवा विक्रेताओं के उत्पीड़न

भारत सरकार द्वारा ड्रग एंड कॉस्मेटिक रूल्स 1945 में संशोधन कर ड्रग लाइसेंस के नवीनीकरण को समाप्त करते हुये एक अधिसूचना जारी की गई थी. जिसमें जहां जहां नवीनीकरण शब्द आए है अथवा नवीनीकरण की प्रक्रिया है. उसे रिमूव करते हुए उसकी जगह रिटेंशन शब्द जोड़ा गया अर्थात अब हर पांच साल बाद केवल फीस जमा कर चालान की मूल कॉपी को अपने पास रखना है. जिससे आपके लाइसेंस की अबधि बढ़ती रहे अर्थात नवीनीकरण के लिये जो फॉर्म 19 भरना पड़ता था उसे भी भारत सरकार ने समाप्त कर दिया था. लेकिन खादय सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त के विरुद्ध नवीनीकरण की प्रक्रिया को भी जटिल प्रक्रिया को अपने पोर्टल पर डाल दिया गया जिसके विरुद्ध रामपुर केमिस्ट ऐसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जयदीप कुमार गुप्ता ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ में एक रिट याचिका डाली गई जिसको माननीय उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए अपना अंतरिम आदेश पारित कर दिया. जिसकी अगली सुनवाई फरवरी 2020 में होनी है उक्त आदेश को लेकर उत्तर प्रदेश के दवा विक्रेताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी. - जयदीप मो॰ 9456016260

हाथों में झनझनाहट हो सकती है ये गंभीर बीमारी

कम्प्यूटर या लैपटॉप पर लंबे समय तक काम करने से कई बार हाथों में झनझनाहट और कलाई का दर्द जैसी समस्यायें देखी जा रही हैं. मैडीकल की भाषा में इसे कार्पल टनल कहते हैं. इस रोग के लक्षणों को पहचानने के बाद बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें. आजकल लोगों में हाथ व कलाई का दर्द एक आम बीमारी बनता जा रहा है. मैडीकल की भाषा में इसे कार्पल टनल सिंड्रोम कहते है. इसे रोग में जब अन्य कोशिकायें जैसे कि लिगामेंट्स और टेंडन सूज या फूल जाते हैं तो इसका प्रभाव मध्य कोशिकाओं पर पड़ता है. इस दबाव से हाथ घायल या सुन्न महसूस करता है. कार्पल टनल हड्डियों और कलाई की अन्य कोशिकाओं द्वारा बनाई गई एक संकरी नली होती है. यह नली हमारी मध्य नाड़ी की सुरक्षा करती है. मध्य नाड़ी हमारे अँगूठे, मध्य और रिंग अंगुलियों से जुड़ी होती है. साधारणतया कार्पल टनल सिंड्रोम ज्यादा गंभीर बीमारी नहीं है. इलाज से यह रोग दूर हो जाता है. एक ही हाथ से लगातार काम करने से कार्पल टनल सिंड्रोम की परेशानी हो सकती है. यह सामान्यतया उन लोगों में अधिकतर पाया जाता है जिनके पेशे में कलाई को मोड़ने के साथ पिंचिंग या ग्रीपिंग करने की जरूरत होती है. पुरूषों की तुलना में औरतों को इसका तिगुना खतरा रहता है. औरतों में यह सामान्यतया पर गर्भावस्था के दौरान, मेनोपाज और वजन बढ़ने के कारण भी होता है. इसमें वे लोग भी शामिल हैं जो कम्प्यूटर पर कार्य करते हैं. इसके अलावा कारपेन्टर, मजदूर, संगीतकार, मैकेनिक, बागवानी करने वाले, सुई का इस्तेमाल करते हुये कई घंटों तक काम करने, गोल्फ खेलने और नाव चलाने का शौक रखने वाले भी कार्पल टनल सिंड्रोम का शिकार हो सकते हैं. यह सिंड्रोम कुछ बीमारियों से भी सम्बन्धित होता है जैसे मधुमेह, आर्थराइटिस या थायरॉइड आदि. यह रोग सबसे पहले इंडेक्स (तर्जनी) या मिडिल फिंगर (मध्यमा) को प्रभावित करता है. जिसमें इन अंगुलियों में जलन होने लगती है. धीरे-धीरे यह समस्या दर्द में बदल जाती है और फिर यह दर्द अंगुलियों से कलाई और कंधों तक पहुँच जाता है. दिन की तुलना में रात के समय यह समस्या ज्यादा परेशान करती है. कोई भी वस्तु उठाते समय अधिक परेशानी होना. अंगूठे में कमजोरी महसूस करना. यदि यह रोग किसी बीमारी की वजह से है तो डॉक्टर सबसे पहले उस समस्या का इलाज करते हैं. फिर वह कलाई को आराम देने के लिये हाथों के सही मूवमेंट की सलाह देते हैं. कलाई में स्प्लिंट बांधने को भी कहा जा सकता है. कलाई पर बर्फ रखकर सेंक कर सकते है. डॉक्टर द्वारा बताई गई स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज से भी लाभ होता है. एक हाथ के बजाय दोनों हाथों को बराबर काम में लें. ज्यादा देर तक अपनी कलाई को नीचे झुकाकर न रखें. हाथों को दबाकर न सोयें. हाथ की नसों पर दबाव पड़ने से समस्या हो सकती है. हाथ, कलाई और अंगुलियों का व्यायाम करना बहुत जरूरी होता है. बिना व्यायाम के आपकी कलाई कठोर हो सकती है. समय-समय पर हाथों की मसाज भी जरूर करें. कुछ मामलों में इस बीमारी को पूरी तरह से खत्म करने के लिये सर्जरी की जरूरत होती है. सर्जरी के कुछ हफ्तों या महीनों बाद वापस कलाई व हाथ का सामान्य रूप से इस्तेमाल कर सकते हैं. इसकी जाँच प्रक्रिया में सबसे पहले हाथ को ऐसी मशीन में डाला जाता है जिसमें कुछ दर्द या बिजली के झटके जैसी झनझनाहट महसूस होती है. इसके अलावा नाड़ी की जाँच या इलेक्ट्रोमायोग्राफी जाँच करवाई जाती है. यह देखने के लिये कि आपके हाथों और बाजुओं की नाड़ी व मांसपेशिया किसी प्रकार के कार्पल टनल सिंड्रोम के प्रभावों को दिखा रही है या नहीं.



प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़ेगी सिप्ला

प्रमुख औषधि कम्पनी सिप्ला केन्द्र सरकार की प्रमुख योजना आयुष्मान भारत के लिए दवाओं की आपूर्ति के लिए सरकार के साथ साझेदारी करने की योजना बना रही है. इसके तहत कम्पनी न केवल जीवन रक्षक आवश्यक दवाओं की आपूर्ति करेगी बल्कि उसके लिए पूरी स्वास्थ्य सेवा वातावरण को बेहतर करेगी. साथ ही कंपनी इस कार्यक्रम के तहत बिक्री के लिए दवाओं की अलग से ब्रांडेड पैकेजिंग करने की भी योजना बना रही है और इस योजना से सम्बद्ध बीमा कम्पनियों एवं अस्पतालों के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है. कंपनी ने एचआईवी-एड्स के लिए एक डॉलर प्रति दिन से कम कीमत पर दवा उपलब्ध कराते हुए बाजार में उथल-पुथल मचा दिया था. अब उसने सस्ती दवाओं पर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के साथ साझेदारी करने की योजना बनायी. सिप्ला के कार्यकारी उपाध्यक्ष और भारतीय कारोबार के प्रमुख निखिल चोपड़ा ने कहा है हम उस क्षेत्र में भी संभावनाएं तलाश रहे हैं जहां हम डॉक्टर से लेकर नर्स, पेरामैडीकल, आपूर्ति श्रृंखला और उपलब्धता में सुधार सहित पूरे स्वास्थ्य सेवा वातावरण में संसाधनों को अधिक कुशल बनाने के लिए सरकार के साथ सझेदारी कर सकते हैं. चोपड़ा ने कहा है कि कंपनी ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए आयुष्मान भारत के प्रमुख इंदु भूषण से जल्द मुलाकात करने की योजना बनाई है. वह ऐसे मॉडल के लिए बातचीत करेंगे जहां सिप्ला जैसी कोई औषधि कंपनी इस कार्यक्रम में भागीदारी कर सकती है ताकि सस्ती दवाओं तक पहुंच और उसकी उपलब्धता सुनिश्चित हो सके. इसके तहत जीवन रक्षक आवश्यक दवाओं की सूची की पहचान की जाएगी जिसमें एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक, इंजेक्शन आदि दवाएं शामिल होंगी. कंपनी इन दवाओं की आपूर्ति आयुष्मान भारत से सम्बद्ध अस्पतालों को करेगी. इन दवाओं की पैकेजिंग सिप्ला की सामान्य पैकेजिंग से अलग हो सकती है. सिप्ला बाजार के निचले स्तर पर संभावनाएं तलाश रही है. आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत गंभीर बीमारियों से ग्रस्त 15 लाख नए रोगी और 85 लाख बिना गंभीर बीमारियों से ग्रस्त रोगी सामने आए हैं. इससे स्वास्थ्य सेवा पर खर्च में 40 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई है. एक आकलन के अनुसार आयुष्मान भारत के लिए बाजार के आकार में वृद्धि वित्त वर्ष 2021 तक 2.2 अरब डॉलर हो सकती है. इनफॉर्मा मार्केट्स के भारत में एमडी योगेश मुद्रास ने कहा कि कि आयुष्मान भारत योजना का दायरा कहीं अधिक व्यापक होगा और उसके दायरे में काफी रोगी पंजीकृत होंगे. इस प्रकार यह भारतीय औषधि कंपनियों के लिए भविष्य की वृद्धि का एक प्रमुख क्षेत्र बन सकता है. आयुष्मान भारत अभी तक अस्पतालों तक सीमित है. सिप्ला का कहना है कि उसके पास करीब 60 वितरक ऐसे हैं जो अस्पतालों को विशेष तौर पर आपूर्ति करते हैं. इसके अलावा कंपनी के प्रेस्क्रिप्शन कारोबार के लिए करीब 3,000 वितरक और जेनेरिक कारोबार के लिए करीब 5000 वितरक मौजूद हैं. कंपनी के जेनेरिक कारोबार का आकार करीब 1500 करोड़ रुपये है और गैर-ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं की बिक्री के संदर्भ में सिप्ला अग्रणी घरेलू औषधि कंपनी है. चोपड़ा का कहना है कि इस कार्यक्रम के तहत दवाओं की खरीद के लिए बीमा कंपनियों और संबद्ध अस्पतालों से बातचीत के लिए कंपनी तैयार है. सिप्ला अपने घरेलू राजस्व का करीब पांचवां हिस्सा जेनेरिक दवाओं के कारोबार से हासिल करती है. जेनेरिक दवा कारोबार में गैर-ब्रांडेड दवाओं की बिक्री शामिल है. जेनेरिक दवाओं की बिक्री सीधे तौर पर वितरकों के जरिए की जाती है और उसकी मार्केटिंग के लिए मैडीकल रिप्रजेंटेटिव की सेवाएं नहीं ली जाती है.

ई-फार्मेसी के विरोध में कैमिस्ट देंगे ज्ञापन

अम्बाला, बृजेंद्र मल्होत्रा:- देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऑनलाइन फार्मेसी के जरिए ग्राहकों तक दवाइयां उपलब्ध करवाना अब टेढ़ी खीर हो गया है. पंजाब में युवा नशे की गिरफ्त में ना आए, इसके लिए पीसीए (पंजाब कैमिस्ट एसोसिएशन) ने पंजाब सरकार व पंजाब औषधि प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि अविलंब ऑनलाइन फार्मेसी द्वारा दवाइयां बेचने वालों के खिलाफ न्यायालय के आदेशों की पालना कर राज्य के युवाओं को नशे की गर्त में जाने से बचाने में सार्थक कदम उठाएं. उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन फार्मेसी के माध्यम से मिलने वाली दवाओं व अन्य सामान के बारे मे बार-बार देशभर के कई कोनों से खुलासा हो चुका है कि ऑनलाइन फार्मेसी जहां बिना फार्मासिस्ट के दवा व्यापार करती है जो ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट की अवहेलना भी है तथा ऑनलाइन के माध्यम से डुप्लीकेट व निम्न स्तर की दवाइयां रोगियों तक पहुंचाने का काम जाने अनजाने ऑनलाइन फार्मेसी द्वारा किया जा रहा है. अत: पंजाब में इस प्रकार के किसी भी प्रतिष्ठान की अविलंब पूर्ण रूप से बंद किया जाए. बीसीए के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र दुग्गल व राज्य महासचिव जीएस चावला के अनुसार शीघ्र ही जिला स्तर पर औषधि प्रशासन व राज्य सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से एक सूत्री कार्यक्रम चलाया जाएगा. राज्य के युवा ऑनलाइन फार्मेसी के माध्यम से नशे की दवाई की चपेट में ना आएं और रोगी जो कुछ छूट के लालच में ऑनलाइन फॉर्मा से निम्न स्तर की दवाइयां खरीद अपनी बीमारियों को और अधिक ना बढ़ा पाए. दुग्गल ने कहा कि राज्य के हर शहर कस्बे गांव स्तर पर रिटेल व होलसेल की दवाओं के विक्रय हेतु पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले हुए हैं जो आमजन की जरूरतों अनुसार दवा को दवा के रूप मे रोगियों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं. यदि कोई दवा व्यवसाई दवा को नशे के रूप में किसी को भी उपलब्ध करवाता है. राज्य संगठन जिला संगठन स्थानीय संगठन किसी भी स्तर पर उस दवा व्यवसाई को संरक्षण नहीं देता, उल्टा सरकार व औषधि प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नशे को जड़ से मिटाने के लिए वचनबद्ध है.

चेहरे से दाग-धब्बे के नुस्खे

ब्लैक हैड्स:- यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो आपके चेहरे पर कहीं भी ब्लैक हैड्स उभर सकते हैं. बेहतर होगा कि आप इन्हें किसी सौन्दर्य विशेषज्ञा से दूर कराएँ क्योकि आपके लिए इन्हें स्वयं दूर करना मुश्किल होगा. छिद्र फैल भी सकते हैं. यदि एक बार चेहरे पर से ब्लैक हैड्स दूर हो जाएँ तो सप्ताह में दो-तीन बार फेस मास्क अवश्य लगाएँ ताकि फिर चेहरे पर ब्लैक हैड्स न होने पाएँ. इस बीच तेल रहित फांउडेशन हमेशा उंगलियों के पोरों को गोल-गोल घुमाते हुए लगाएँ. **दाग-धब्बे:-** अक्सर लागों के चेहरे पर मुंहासों जैसे छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं. दाना निकलते ही हम उसे दबाकर कील निकालने की कोशिश करते हैं. पर इन्हें दबाने और कील निकालने में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है. बेहतर तो यही होगा कि दल फुंसियों पर आप कोई भी एंटीसंप्टिक लोशन या क्रीम लगाएँ और फिर फाउंडेशन लगाएँ. इसके अतिरिक्त रात में लोशन लगाकर सोएँ. **झुरियाँ:-** आँखों के इर्द-गिर्द लकीरों का उभरना चिंता. जनक होता है. क्यांकि ऐसा उम्र के बढ़ने के साथ होता हैं. आँखों के इर्द-गिर्द की त्वचा बहुत ही महीन और पतली होती है. इस पर बहुत ही कम तेल ग्रंथियाँ होती हैं. इसलिए अक्सर यहाँ की त्वचा का अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता होती है. इस जगह आईक्रीम लगाना चाहिए. आँखों के इर्द-गिर्द बहुत ही हल्का फाउंडेशन या कम से कम पाउडर लगाना चाहिए क्योंकि कोई भी प्रसाधन गाढ़ा लगाने से उस पर लोगों की नजर पड़ती है और कमियाँ साफ नजर आती है. **फूली हुई आँखें:-** यदि आपकी आँखें नींद पूरी न होने के कारण फूली हुई हैं या थकावट से सूज गई हैं तो थोड़ी देर लेट जाइए और बादाम के तेल या गुलाब जल में एक रूई का फाहा भिगोकर अपनी आँखों पर 10 मिनट रखिए. इससे आराम मिलेगा. इसके अलावा खीरे के पतले स्लाइमस, आलू के स्लाइस या साधारण टी-बैग आँखों पर रखकर थोड़ी देर लेटी रहें. इससे भी आँखों को आराम मिलेगा. **होठों का फटना:-** सर्दियों के दिनों में अक्सर होंठ फटने लगते है. फटे हुए होठों पर ऑलिव ऑयल या मलाई लगाएँ. ये होठों को पोषण भी दें और उन्हें चिकना भी बनाएँगें. इसके अतिरिक्त विटामिन ई के तत्त्व भी जल्दी उपचार करने में सहायक होते हैं.

गहरी नींद अच्छे स्वास्थ्य का भण्डार

अगर आप काफी रात तक जागते रहते हैं या हल्की नींद आती है बार-बार नींद खुल जाती है और यह कई महीनों से हो रहा है, तो आपको इन्सोम्निया की समस्या हो सकती है. आमतौर किसी व्यक्ति को यदि सोने से परेशानी आती है, तो इसे इन्सेम्निया के तौर पर लिया जाता है. कभी-कभी यह किसी अन्य बीमारी के लक्षण के तौर पर भी प्रकट होता है इस समस्या का सबसे बुरा पहूल यह है कि इन्सोम्निया से ग्रस्त व्यक्ति में कई अन्य समस्यायें भी उत्पन्न होने लगती है. उसका काम करना प्रभावित होता है और व्यवहार भी. **कारण:** अनिद्रा का मुख्य कारण तनाव माना जाता है लेकिन इसके और दूसरे कारणों में आसपास का तापमान, वातावरण, शोरगुल, तेज रोशनी, असुविधाजनक बिस्तर, सोने वाले कमरे की स्थिति और माहौल का भी काफी असर होता है. कैफीन या टैनीन, एल्कोहल जैसे पदार्थ भी यदि अधिक सेवन किये जायें, तो भी नींद प्रभावित होती है. ऐसे शारीरिक रोंग, जिनके कारण शरीर में दर्द होता है, वह भी अनिद्रा के कारण बनते है, कई ऐसी दवाईयाँ होती है, जिनके साइड इफैक्ट के तौर पर गहरी नींद नहीं आती है या नींद आती भी है, तो बार-बार खुलती रहती है, नींद न आने की बड़ी वजह मनोवैज्ञानिक कारण भी होता है. चिन्ता, सीजोफ्रेनिया, भय पैदा करने वाले मनोरोग भी नींद न आने का कारण है. **उपचार और सावधानियाँ:** अनिद्रा के उपचार में सबसे पहले यह देखा जाता है कि आखिर सम्बन्धित व्यक्ति को नींद क्यों नहीं आ रही है. निद्रा को व्यवस्थित करने के लिये रोगी की दिनचर्या का अध्ययन कर उपयोगी सुझावों को उसकी जीवनचर्या में शामिल किया जाता है. इसके इलाज को दो चरणों में पूरा किया जाता है. दवाईयों द्वारा उपचार व मनोवैज्ञानिक उपचार. 1. सोने और जागने का समय निश्चित करना चाहिये. रात में हल्का भोजन करें, लेकिन जहाँ तक सम्भव हो रात नौ बजे के बाद भोजन न लें. 2. नींद के लिये वातावरण में सुधार करें. जैसे कमरे को रोशनी और शोर गुल से मुक्त रखें. मौसम के हिसाब से सोने के कमरे का तापमान नियन्त्रित रखें. अपने बिस्तर को आरामदायक बनायें. 3. पेय पदार्थ जैसे कॉफी चाय कोल्ड ड्रिंक्स आदि का सेवन शाम के बाद न करें. नींद लाने में यह तनाव का कारण बनता है. 4. नियमित रूप से व्यायाम की आदत डालें. जैसे आधे घंटे से एक घंटे तक टहलें. व्यायाम करने से अच्छी नींद आती है.

कान सम्बन्धी रोगों के आयुर्वेदिक उपचार

कान हमारे शरीर के बहुत ही संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण अंग हैं. अगर इनका सही ख्याल नहीं रखा गया तो अनेक समस्याएँ खड़ी हो सकती हैं. कई लोग सर्दी की बिमारी की वजह से कान रोग के शिकार होते हैं और अगर सर्दी का इलाज जल्द नहीं किया गया तो सुनने की शक्ति पर असर पड़ सकता हैं. ● **रोगों के लक्षण** - एक घंटे से ज्यादा कान में दर्द होना, कान से तरल पदार्थ का रत्राव होना. कान दर्द के साथ बुखार, सर दर्द आदि कान संबंधी रोगों के लक्षण होते हैं. ● **आयुर्वेदिक उपचार - बेल** - कान के रोग के उपचार के लिए बेल के पेड़ की जड़ को नीम के तेल में डुबोकर उसे जला दें. जलने पर रिसने वाला तेल कान में डालें. इससे कान दर्द और संक्रमण में काफी हद तक राहत मिलती है. **नीम** - नीम में एंटी- सेप्टिक गुण होते हैं, जो कान में विकार पैदा करने वाले तत्वों को खत्म करने के काबिल होते हैं. **तुलसी** - तुलसी का रस गुनगुना करके कान में डालने से भी कान के रोगों में काफी सहायता मिलती है. **नींबू** - अदरक के रस में नींबू का रस मिलाएं और इसकी चार-पांच बूँद कान में डालें. आधें घंटे बाद रूई से कान को साफ कर दें. फिर सरसों का तेल गुनगुना करके कान में डालने से आराम मिलेगा. ● मैथी को गाय के दूध में मिलाकर उसकी कुछ बूँद संक्रमित कान में डालने से भी काफी राहत मिलती है. ● तिल के तेल में तली हुई लौंग की कुछ बूँदे कान दर्द में काफी आराम पहुँचाती हैं. ● **कान के संक्रमण के दौरान खान-पान** - कान के रोगों को ऐसे खान-पान से सेवन से बचाना चाहिए. जो रोगों को जन्म देने वाले कफ के दोष को उग्र रूप दे सकते हैं. जैसे खट्टी दही और खट्टे फलों के सेवन से भी कफ का दोष बढ़ सकता है. ● केले, तरबूज, संतरे और पपीते के सेवन से बचाना चाहिए, क्योंकि इससे सर्दी बढ़ सकती है, जो आगे जाकर कान की समस्याओं को बढ़ावा दे सकती है. ● कान की समस्याओं के दौरान प्याज, अदरक और लहसून का प्रयोग लाभकारी सिद्ध होता है. हल्दी भी अत्यधिक गुणकारी है, अत: इसे खान-पान में मसाले की तरह प्रयोग करना चाहिए. ● कानों में गन्दा पानी न समाने पाए, इस बात का पूरा जाना चाहिए. यदि घरेलू या आयुर्वेदिक उपचार से लाभ नहीं पहुँच रहा हो, तो किसी कान रोग विशेषज्ञ से अवश्य संपर्क करें मो०- 09416054195

माताओं के लिए सलाह

माताओं के लिए महत्वपूर्ण सलाह माँ का दूध आपके शिशु को सर्वोत्तम पोषण व बीमारियों से संरक्षण प्रदान करता है. अधिकतर शिशुओं के लिए पहले 6 महीने तक माँ का दूध ही काफी होता है. बहुत-सी माताएं 6 महीने के बाद भी स्तनपान कराती हैं और अन्य आहार देना भी शुरू कर देती हैं. स्तनपान के बारे में सलाह के लिए अपने डॉक्टर या किसी अन्य स्वास्थ्यकर्मी अथवा सफलतापूर्वक स्तनपान करा रही किसी सहेली या सम्बन्धी से बात करें. शिशु को बार-बार स्तनपान कराने से सही मात्रा में दूध उतरता है. गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के बाद संतुलित-पौष्टिक खुराक भी दूध की मात्रा पूरी रखने में मदद करती है. याद रखें : माँ का दूध आपके शिशु के लिए सर्वोत्तम व सर्वाधिक किफायती आहार है. सलाह लें ऐसे आहार का उपयोग खतरनाक हो सकता है जो छोटे बच्चों के लिए नहीं है. शिशु को बेवजह आंशिक रूप से बोतल से दूध पिलाने या अन्य आहार व पेय पदार्थ आहार शुरू करने से पहले हमेशा स्वास्थ्यकर्मी की सलाह लें. माँ के दूध के विकल्प का उपयोग अगर कोई डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्यकर्मी शिशु के पहले 6 महीने के दौरान माँ के दूध के साथ-साथ या उसके स्थान पर शिशु दुग्ध विकल्प आहार देने की सिफारिश करता है तो शिशु फॉर्मूला आहार के इस्तेमाल का फैसला करने से पहले उसकी लागत और परिवार की स्थिति पर विचार कर लें. अगर आपके शिशु को सिर्फ बोतल से आहार देना है तो आपको हर सप्ताह एक डिब्बा (475 ग्राम) से अधिक आहार की आवश्यकता होगी बिना उबला पानी, बिना उबाली बोतल या गलत मात्रा में घोल बनाकर इस्तेमाल करने से आपका शिशु बीमार पड़ सकता है. गलत शिशु दुग्ध विकल्प और बोतल का इस्तेमाल बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं. हमेशा निर्देशों का सही-सही पालन करें. कुछ समय तक शिशु दुग्ध विकल्प खिलाने के बाद स्तनपान करवाने में आने वाली कठिनाइयों की जानकारी आपको होनी चाहिए. **माँ के दूध की विशेषतायें** - प्रसव के तुरन्त बाद माँ का पहला दूध पीला और गाढ़ा होता है. इस दूध को कोलॉस्ट्रम कहते हैं जो कि प्रसव के बाद पहले हफ्ते में निकलता है. कोलॉस्ट्रम बाद के दूध से अधिक पौष्टिक होता है क्योंकि इसमें प्रोटीन ज्यादा होता है. और संक्रमण से बचाव के गुण भी अधिक होते हैं, जो जन्म के तुरन्त बाद की खतरनाक बीमारियों से शिशु को बचाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं. इसमें विटामिन 'ए' का स्तर भी ऊँचा होता है. ● आप अपने शिशु को यह कोलॉस्ट्रम अवश्य पिलाएं. क्योंकि इसमें बहुत से पोषक तत्व होते हैं. ● इसके बजाय चीनी का पानी, शहद का पानी, मक्खन या कोई और मिश्रण न दें. ● माँ का दूध सम्पूर्ण सन्तुलित आहार है और जन्म के पहले कुछ महीनों में शिशु के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व प्रदान करता है. इसके संक्रमण-रोधक गुण प्रारम्भिक महीनों में शिशु को बीमारियों से बचाते हैं. यह हमेशा उपलब्ध होता है और इसे तैयार करने के लिए न कोई ईधन चाहिए, न बर्तन, न पानी (जिसमें कीटाणु हो सकते हैं) **स्तनपान के फायदे** - शिशु को माँ का दूध पिलाना शिशु दुग्ध विकल्पों से कहीं सस्ता पड़ता है क्योंकि शिशु दुग्ध विकल्पों की लागत की तुलना में माँ को अतिरिक्त आहार देने की लागत न के बराबर होती है. ● वे माताएं जो शिशु जन्म पश्चात् शिशु को सामान्य रूप से स्तनपान कराती रहती हैं, उनमें लम्बे समय तक दोबारा गर्भधारण से बचे रहने की सम्भावना, स्तनपान न कराने वाली माताओं की तुलना में अधिक रहती है. ● प्रसव के तुरन्त बाद स्तनपान कराने से गर्भाशय अपने आप संकुचित होने लगता है और माँ के शरीर का आकार जल्दी सामान्य होने में मदद मिलती है. **स्तनपान की व्यवस्था** - स्तनपान को बढ़ावा और सहारा देने के लिए माँ की स्तनपान कराने की कुदरती इच्छा को जब भी व्यवहारिक सलाह की जरूरत हो, उसे प्रोत्साहित करना चाहिए और निश्चित कर देना चाहिए कि उसके साथ रिश्तेदारों को भी सहमति है. ● स्तनपान जब ज्यादा सफल होता है जब शिशु बार-बार स्तनपान करे और स्तनपान कराने की इच्छा रखने वाली माँ को अपनी योग्यता में पूरा आत्मविश्वास हो. ● प्रसव के पहले ही डॉक्टर को बता दें कि आप अपने शिशु को स्तनपान कराना चाहती हैं. ● प्रसव के तुरन्त बाद अपने शिशु को स्तनपान कराएं. ● डॉक्टर चाहते हैं कि प्रसव के तुरन्त बाद आप और आपका शिशु एक-साथ रहें (इसे "रूमिंग-इन" कहा जाता है) ● बच्चा जब चाहे उसे अपना दूध पीने दें, बच्चा रोए तो उसे स्तनपान कराएं. ● गर्भावस्था के दौरान अपने स्तनों और निप्पल की सही देखभाल के लिए अपने डॉक्टर से सलाह लें. रोजाना नहाते समय स्तनों को साफ पानी से धोएं. स्तनपान कराने के बाद स्तनों को साफ कपड़े से पोंछ लें या ढकने से पहले अपने आप सूखने दें. ● हमेशा अपना शरीर और कपड़े तथा अपने शिशु का शरीर और कपड़े साफ-सुथरे रखें. **चेतावनी** - बिना उबला पानी, बिना उबाली बोतलें या तैयार किया गया गलत आहार आपके बच्चे को बीमार बना सकता है. आहार का गलत तरीके से भंडारण, रखरखाव, तैयार करना और खिलाना आपके बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. एक समय पर एक आहार ही तैयार करें. तुरन्त खिलाएं और निर्देशों का सही से पालन करें. बचे हुए आहार को बोतल में न रखें बल्कि उसे फेंक दें. बच्चे को हमेशा गोद में लेकर आहार पिलाएं. बच्चे को अकेला छोड़ देने या मुँह में बोतल लगी छोड़ देने पर उसको सांस लेने में रूकावट आ सकती है. शिशु दुग्ध विकल्प के उपयोग की आवश्यकता तथा प्रयोग की विधि की जानकारी स्वास्थ्यकर्ता से ही लें. शिशु दुग्ध विकल्प ही शिशु के पोषण का एकमात्र आधार नहीं है. **सावधानी** -शिशु आहार को सावधानी और स्वच्छता से तैयार करना स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है. निर्दिष्ट चम्मचों से कम का प्रयोग न करें. क्योंकि हल्के पोषण से आपके शिशु के लिए अपेक्षित पर्याप्त पोषक-तत्व उपलब्ध नहीं होंगे. सलाह दी जाती है कि शिशु को धीरे-धीरे अन्नयुक्त आहार के साथ-साथ सब्जियाँ, फल, दालें आदि खिलाना शुरू करें. जैसे कि प्रत्येक शिशु की आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं, इसलिए अपने डॉक्टर की सलाह लें. सुनिश्चित कर लें कि कार्टन पैक के साथ दिया गया चम्मच इस्तेमाल से पहले अच्छी तरह धोया और सुखाया गया हो. आहार पाउडर का इस्तेमाल खोलने के तीन सप्ताह के भीतर या समय समाप्ति की तिथि से पहले हो कर लें. यदि माँ के दूध के अतिरिक्त फॉर्मूला आहार दिया जा रहा है तो प्रतिदिन फर्मूला आहार की कुल संख्या आहार तालिका में दी गई संख्या से कम होगी. डॉक्टर की सलाह का पालन करें. - Nestle Nutrition.

बरसाती रोगों में कारगर हैं होम्योपैथिक दवाएं

यह लोगों का भ्रम है कि होम्योपैथिक दवाएं देर से फायदा पहुंचाती हैं. इसके विपरीत सत्यता यह है कि अनुभवी एवं योग्य चिकित्सक द्वारा लक्ष्य समूहा. पर दी गई दवा, रोगों में अन्य प्रचलित पद्धतियों की दवाओं की अपेक्षा शीघ्र लाभ पहुंचाती है. साथ ही इनका दुष्प्रभाव न होने की वजह से मरीज शीघ्र आरोग्य को प्राप्त होता है. बरसाती रोगों में तो होम्योपैथिक दवाएं अत्यंत कारगर साबित होती है. यह कहना है वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आर एस सिंह का. उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु में गंदे पानी के फैलाव की वजह से वातावरण एवं जल प्रदूषित हो जाता है. इससे रोगों का संक्रमण तेज हो जाता है. इनसे बचने के लिए पीने के पानी एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. इस ऋतु में प्रदूषण एवं नमी के साथ तेज धूप के कारण डायरिया, पेचिस, टायफाइड, मलेरिया, चर्म रोग तथा श्वांस रोगों के साथ अनेक प्रकार की जल जनित बीमारियां होती हैं. इन रोगों में होम्योपैथिक दवाएं अत्यंत कारगर सिद्ध होती हैं.

www.medicaldarpan.com

नीरू गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एण्ड पैकिंग लिमिटिड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं के० पी० रोड, बुलन्दशहर से प्रकाशित, सम्पादक - ब्रजेश कुमार गर्ग

ई-फार्मेसी को प्रतिबंधित किया जाये अन्यथा थोक एंव रिटेल दवा विक्रेता आन्दोलन पर जायेगें

• सम्पूर्ण भारत के कैमिस्टो का जनहित में मोदी सरकार से आग्रह है कि ई-फ्रार्मेसी को प्रतिबंधित किया जाये. भारत से छोटे-छोटे कैमिस्टो की दुकानों द्बारा बेरोजगारी कम हो रहीं हैं और करोना काल में लोक डाउन में भी गरीब बीमार मरीजो को भी 7 दिन 24 घंटे की सेवा दे रहे है. FDA ने भारत में पढ़ें लिखो की बेरोजगारी खत्म करने के लिए रिटेल दवा के लाइसेंस द्बारा पढ़े-लिखे बेरोजगारों को शहर के गली, मोहल्लों, अस्पतालों, तहसीलों, टाउन एरिया कस्बो में जगह-जगह 8.5 लाख के करीब लाइसेंस की दवा दुकान खुलवाकर बहुत बड़ा सहयोग दिया है, इन दवाओं की दुकानों से 2.5 करोड भारतीय लोगों का पालन पोषण हो रहा है, लाखों पढ़ें लिखे बेरोजगारो के पास लम्बे समय तक का रोजगार है, मोदी सरकार से अनुरोध है कैमिस्ट परिवारो के हित मे अति शीघ्र ई-फार्मेसी को प्रतिबंधित कर इसको आगे बढ़ने से रोका जाये. **Satish Sethi, Mob.: 6396782575.**

• उत्तर प्रदेश कैमिस्ट एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (रजि.) के अहवाहन पर आगरा महानगर कैमिस्ट एसोसिएशन (रजि.) आगरा के समस्त दवा व्यापारियों से आग्रह है कि अपने मोबाइल फोन से 1800 11 7800 पर आज ही फोन करके माननीय प्रधानमंत्री जी से ई-फार्मेसी पर रोक लगाने का आग्रह करें. जितने अधिक फोन किये जायेंगे उतनी जल्द उनके पास देश भर के दवा व्यापारियों की बात पहुंचेगी. 'आज चूके तो यह दिन फिर कभी नहीं आएगा' अध्यक्ष महामंत्री आशीष शर्मा, अश्वनी श्रीवास्तव, आगरा महानगर कैमिस्ट एसोसिएशन (रजि.), आगरा महानगर कैमिस्ट एसोसिएशन (पंजी) के कोरोना काल में आपने दवा व्यापारियों के लिए गये कार्यो की सराहना करते मैडीकल दर्पण के सम्पादक ब्रजेश गर्ग जी ने संस्था के नाम प्रशस्ति पत्र दे 'कोरोना योद्धा' के रूप में सम्मानित किया. संस्था की ओर से 'मैडीकल दर्पण' के ब्रजेश गर्ग जी व उनकी टीम को आभार. **- ललित शर्मा, मो. 8218202588.**

सत्य है...... जो लोग डाउन के दौरान सभी के सामने आए

1. अमेरिका अब दुनिया का सबसे बेहतर देश नहीं रहा. 2. चीन कभी विश्वकल्याण की नहीं सोच सकता. 3. यूरोपीय देश उतने शिक्षित और सुधरे हुए नहीं जितना हम सोचते हैं. 4. भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता विश्व में सबसे ज्यादा है. 5. कोई पादरी, पुजारी या मौलवी एक भी रोगी को ठीक नहीं कर सकता, मानना और बचाना सब ऊपर वाले के हाथ में है. 6. स्वास्थ्यकर्मी, पुलिस और प्रशासन कर्मी ही असली हीरो हैं ना क्रिकेटर और ना फिल्मी सितारे. 7. बिना उपयोग के विश्व में सोना चांदी और तेल का कोई महत्व नहीं है. 8. पहली बार पशु और पक्षियों को लगा कि यह संसार उनका भी है. 9. तारे वास्तव में टिमटिमाते हैं. यह विश्वास महानगरों के बच्चों को पहली बार हुआ. 10. हम और हमारे बच्चे बिना जंकफूड के भी जिंदा रह सकते हैं. 11. साफ सुथरा और सादा जीवन जीना कोई कठिन कार्य नहीं है. **अशोक कुमार, मो. 9411010590.**

दवा व्यापारियों ने जतायी हमदर्दी

गोरखपुर:- एक परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा हैं. बबीता अपने पति संतोष श्रीवास्तव का इलाज कराने में आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट चुकीं हैं. बबीता ने इलाज के लिए अपनी पूरी संपत्ति व जेवर आदि बेचकर लगभग 72 लाख रूपये खर्च कर दिये. अब आगे उनके पास इलाज के लिए रुपये नहीं हैं. इस समय वो आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं. जैसे ही दवा व्यापारियों को इसकी जानकारी मिली उन्होने मदद करने के लिए हाथ बढ़ाया 40 हजार रुपये की दवाएं, सर्जिकल व अन्य जरूरी सामान प्रदान किया और आगे भी करने का आश्वासन दिया. दवा विक्रेता के अध्यक्ष व महामंत्री आलोक चौरसिया के नेतृत्व में दवा व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल बबीता श्रीवास्तव के घर पहुंचा. उन्होने आम लोगो से भी अपील की इस तरह के परिवार की मदद करना एक इंसानियत हैं. इस अवसर पर संयोजक संतोष श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री दिलीप कुमार गुप्ता, पीआरओ अशोक गुप्ता आदि उपस्थित थे. दवा व्यापारियों ने इसकी मदद करते हुए कहा है कि हम आगे भी मदद करते रहेंगे.

पंजाब में नष्ट की जा रही हैं, पकड़ी गयी नशीली दवायें

चंडीगढ़:- हंसराज मेहता, मो॰ 09814132529 से मिली जानकारी के अनुसार पंजाब में ड्रग और कॉस्मेटिक एक्ट के अंतर्गत 938 फर्मों से पकड़ी गई करोड़ों रुपये की नशीली दवाओं को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिद्धू ने दी. स्वास्थ्य मंत्री जी ने यह कहा कि पकड़ी गई सभी नशीली दवाओं को नष्ट किया जा रहा है. स्वास्थ्य मंत्री जी ने कहा कि सरकारी फूड एंड ड्रग लैबोरेटरियों में नौ विश्लेषकों की फूड लैब और चार विश्लेषकों की ड्रग लैब में नियुक्ति की गई है. सिद्धू जी ने 13 नए भर्ती हुए विश्लेषकों को सोमवार को नियुक्ति पत्र सौंपा.

सरवाइकल स्पोंडोलाइटिस

डॉ॰ वीरेन्द्र अग्रवाल प्राकृतिक चिकित्सक सरवाइकल स्पोंडोलाइटिस गर्दन व रीढ़ की बीमारी है. इस रोग में गर्दन को पीछे की तरफ ले जाने, घुमाने, आगे की तरफ आने आदि में तेजी के साथ हमेशा दर्द बना रहता है. दर्द में कभी अचानक तीव्रता व अचानक मन्दता आ जाती है. इस रोग में रीढ़ की कशेरूकायें सख्त हो जाती हैं, फलस्वरूप गर्दन को पीछे या आगे की तरफ ले जाने पर उनमें खिंचाव पैदा होता है और वे दर्द करने लगती हैं. दर्द बढ़ते-बढ़ते कंधों तक तथा रीढ़ के निचले हिस्से तक भी पहुंच जाता है. सरवाइकल स्पोंडोलाइटिस का दर्द तन्त्रिका तन्तुओं को प्रभावित करके सिर दर्द, तनाव, डिप्रेशन व कभी-कभी चिड़चिड़ाहट जैसी स्थिति भी पैदा कर देता है. गर्दन के पीछे वाले हिस्से में रीढ़ की जहां से शुरूआत होती है, वहां से सरवाइकल नर्व शुरू होती है, जब इस नर्व व कशेरूका को लम्बे समय तक एक ही स्थिति में रखा जाता है तो सरवाइकल स्पोंडोलाइटिस होने का भय रहता है. कारण :- **गलत अंग स्थिति** : लम्बे समय तक गर्दन व रीढ़ को आगे की तरफ झुकाकर बैठना, खासकर कम्प्यूटर पर काम करते या पढ़ते समय. **तकिया का प्रयोग:** सोते समय मोटे तकिया व अधिाक मोटे गद्दे का प्रयोग. **मोटापा** : अधिाक वजन के कारण चलने में गर्दन व रीढ़ को आगे की तरफ झुकाकर चलना. **व्यायाम की कमी** : जब रीढ़ व गर्दन को पूरी तरह व्यायाम नहीं मिल पाता है तो यह रोग हो सकता है. अधिाक खिचांव व झटका: किसी कारणवश गर्दन पर अधिाक दबाव या खिंचाव की वजह से हो सकता है. **कब्ज :** मल का दबाव गर्दन व रीढ़ की कशेरूकाओं को क्षतिग्रस्त करता है तथा उसका ऊपरी उफान, उपरी ग्रीवा को प्रभावित कर दर्द पैदा करता है। सरवाइकल स्पोंडोलाइटिस पूर्णत: ठीक होने वाला रोग है, चूंकि यह रोग गलत अंग स्थिति व गलत जीवनशैली का परिणाम है, अत: कुछ उपचारों के बाद सरवाइकल स्पोंडोलाइटिस को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है. स्पोंडोलाइटिस ठीक करने के लिए योग व प्राकृतिक चिकित्सा को व्यवहार में पूरी तरह अपनाना होगा. **व्यायाम :-** सरवाइकल स्पोंडोलाइटिस रोग में ऐसे व्यायाम व आसनों का चयन करें जिनमें गर्दन का खिंचाव उपर की तरफ आता हो व रीढ़ का दबाव बाहर की ओर जाता हो. **भुजंगासन :** भुजंगासन का नियमित अभ्यास रीढ़ व गर्दन के दर्द से मुक्ति दिलाकर सरवाइकल नर्व को लचीला बनाता है. **चक्रासन :** सीधो लेट जायें, पैरों को मोड़कर नितम्ब के पास लायें व सांस भरते हुए कमर से कंधो तक का हिस्सा उपर उठायें फिर सांस छोड़ते हुए नीचे आयें. **पवन मुक्त आसन :** सीधे लेटें, सांस निकालते हुए घुटने को मोड़कर सिर से लगायें दूसरा पैर सीधा करें, फिर पैर बदलकर वैसे ही करें. **हंसासन :** दोनों हाथों को कमर पर रखकर नाभि के आगे का हिस्सा श्वांस भरते हुए यथा संभव उपर उठायें. – स्वास्थ्य मंदिर, प्राकृतिक चिकित्सालय, ई-164 रणजीत नगर, भरतपुर, 05644-236653, 9413917821, Email:- swasthyama ndirbtp@rediffmail.com, swasthyamandir@gmail.com.

"अगर आप सोचते हैं कि ज्ञान पाना महंगा है, तो अज्ञानी बनकर देखो"

"क्या आपको ज्ञान है कि प्रेम का देह से कोई सम्बन्ध नहीं?"

नीरू गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एण्ड पैकिंग लिमिटिड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं के॰ पी॰ रोड, बुलन्दशहर से प्रकाशित, सम्पादक – ब्रजेश कुमार गर्ग